आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 146 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शनिवार, 31 मई, 2025

प्रधानमंत्री मोदी कानपुर जनसभा में आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया

# दुश्मन कहीं भी हो, खत्म कर देंगे

## पाकिस्तानी सेना गिड़गिड़ा रही थी, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा

**एजेंसी ● कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। कहा, 'बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा।' 'अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किए।'

पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है।



### कनपुरिया अंदाज में पाकिस्तान को धमकी

पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलने वाला। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।

### आतंक के खिलाफ 3 सूत्रीय फॉर्मूला दिया

भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रुप से तय किए हैं। 1- भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। 2- भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा। 3- आतंक के आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजर से देखेगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की ताकत देखी

ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देखी है। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। ये ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली है। एक समय था, जब भारत सैन्य जरुरतों के लिए, अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। हमने उन हालातों को बदलने को शुरुआत की।

## कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले मोदी

### मृतक की पत्नी के आंसू देखकर भावुक हुए, पिता से बोले- ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार से 8 मिनट मुलाकात की। चकेरी एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के सामने शुभम की पत्नी ऐशन्या, पिता संजय, मां सीमा भावुक हो गईं। सभी ने रोते हुए हाथ जोड़े। कहा, हमारे बेटे की मौत जाया न होने पाए।

शुभम की पत्नी ऐशन्या फफक-फफक रोने लगीं। मोदी भी उनके आंसू देखकर भावुक हो गए। कहा- आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर थमा है...खत्म नहीं हुआ, यह आगे भी जारी रहेगा। पीएम मोदी ने पिता संजय द्विवेदी के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कानपुर के शुभम को उनकी पत्नी ऐशन्या के सामने आतंकियों ने गोली मारी थी। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने पति को शहीद का दर्जा देने की मांग की थी।

ऐशन्या ने PM से कहा- वो देश के हिंदू-मुस्लिम को बांटने आए थे PM से मुलाकात के बाद ऐशन्या ने कहा- मेरे 2 ओपिनियन थे। वह उन्होंने पूरे सुने। मैंने उनसे कहा- कश्मीर में चीजें सही हो रही थीं, शायद आतंकी इसको खत्म करने के लिए आए थे। मुझे ये भी लगता है कि वह हिंदुस्तान के हिंदू-मुस्लिम को अलग करने की कोशिश करने आए थे। वो धर्म पूछकर हमें मार रहे थे। हमें बांटना चाहते थे।

पीएम ने हमारी पूरी बात को सुना। उन्होंने कहा- मुझे भी ऐसा ही लगता है। आतंकियों ने इसलिए धर्म पूछकर



मारा। पूरा देश आपके साथ खड़ा है।

ऐशन्या ने कहा- पीएम यहां सिर्फ अपनी संवेदना व्यक्त करने आए थे। वो दुखी थे, उनके चेहरे से वो दुख के भाव झलक रहे थे। पापा के कंधे पर हाथ रखकर उन्होंने दिलासा दी। पर्सनली उन्होंने मुझसे पूरा घटनाक्रम पूछा। उन्होंने कहा- ये लड़ाई खत्म नहीं हुई। ये लड़ाई अभी चलेगी। उन्हें हमारे परिवार के बारे में पहले से पूरी जानकारी थी।

पिता बोले- PM दुखी थे, भरोसा दिया आतंकवाद को खत्म कर देंगे शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने PM से मुलाकात के बाद कहा- हमारे बेटे का बलिदान हुआ, हमने पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। क्योंकि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ, पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई की। कार्रवाई से हमें बहुत राहत मिली।

प्रधानमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की। देश के निर्दोष लोगों की मौत पर वे बहुत दुखी हैं। उन्होंने वादा किया है कि वे आतंकवाद का समूल नाश कर देंगे। उन्होंने कहा- आज जल्दी है, आपसे दोबारा मुलाकात करेंगे।

गोवा में INS विक्रांत के दौरे पर पहुंचे रक्षा मंत्री

## भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता : राजनाथ सिंह

**एजेंसी ● पणजी**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गोवा में INS विक्रांत के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज INS विक्रांत पर अपने नेवल वॉरियर्स के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को किसी भी गलत हरकत को चेतावनी दी और यह भी कहा कि अबकी बार जवाब भारतीय नौसेना भी दे सकती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना के जवानों के बीच संबोधन में कहा कि जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव INS विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

### 'जब नेवी बोलेगी तो क्या होगा?'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान इस बार कोई नापाक हरकत करता है, तो संभव है कि इस बार हमारी नौसेना इसकी शुरुआत करेगी। ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी मौन सेवा से हर भारतीय को प्रभावित किया है। चुप रहने के बावजूद भारतीय नौसेना पाकिस्तानी



सेना को बांधने में सफल रही। जरा सोचिए कि जो चुप रहकर भी किसी देश की सेना को बोतल में बंद रख सकता है, वह जब बोलेगा तो क्या होगा?

राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार पाकिस्तान को भारतीय नौसेना की मारक क्षमता का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन दुनिया जानती है कि अगर पाकिस्तान इस बार कोई नापाक हरकत करता है, तो संभव है कि इस बार इसकी शुरुआत हमारी नौसेना करेगी।

### ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया और पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है, सिर्फ स्थगित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार नेवी की तैयारियों से ही पाकिस्तान डर गया था। 1971 में जब नेवी हरकत में आई थी तो पाकिस्तान 1 से 2 हो गया था। ऑपरेशन सिंदूर में नेवी फॉर्म में आई होती तो पाकिस्तान के 2 टुकड़े ही नहीं शायद चार टुकड़े हो जाते।

## जयशंकर ने दुश्मनों को दिया सख्त संदेश 'भारत अपनी सुरक्षा और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा'

**एजेंसी ● वडोदरा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को भारत की ताकत और दुनियाभर में पहचान की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा अनोखा देश है जो सिर्फ एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक पुरानी सभ्यता है और अब वह दुनिया में अपनी सही पहचान और सम्मान फिर से हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में यह चलन बन गया है कि वे आपसी रिश्तों को सिर्फ फायदे के नजरिए से देखते हैं, लेकिन भारत की सोच इससे अलग है। बता दें कि विदेश मंत्री ने ये बयान गुजरात के वडोदरा में पारुल विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के दौरान दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए साफ तौर पर कहा कि भारत किसी भी तरह की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा। इसके साथ ही विदेश मंत्री ने आतंकवादियों को समर्थन देने वालों को भी सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश या संगठन आतंकवाद का साथ देते हैं या उसका इस्तेमाल करते हैं, उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि ऐसे लोगों को सजा मिले ताकि वे फिर ऐसी हरकत न कर सकें।

### 'परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा भारत'



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आई है। उन्होंने कहा कि यह जरुरी है कि जो लोग आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करते हैं, उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़े।

## कमल हासन बोले- गलत नहीं हूं तो माफी नहीं मांगूंगा

**चेन्नई।** एक्टर और नेता कमल हासन ने कन्नड़ भाषा पर अपनी टिप्पणी को लेकर जारी विवाद के बीच माफी मांगने से इनकार कर दिया है। उन्होंने चेन्नई में शुक्रवार को अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशन के दौरान कहा कि अगर मैं गलत नहीं हूं तो माफी नहीं मांगूंगा।

हासन ने कहा, 'भारत एक लोकतांत्रिक देश है। मैं कानून और न्याय में विश्वास करता हूं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल के लिए मेरा प्यार सच्चा है। जीत हमेशा प्यार की होती है। मुझे पहले भी धमकियां दी गई हैं, लेकिन अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा, अगर गलत हूं तो माफी नहीं मांगूंगा।' इधर, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (KFCC) ने कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज पर बैन लगा दिया है। KFCC के अध्यक्ष एम नरसिम्हालु ने न्यूज एजेंसी PTI से कहा कि अगर कमल हासन चाहते हैं कि उनकी फिल्म रिलीज हो तो उन्हें माफी मांगनी होगी।

## इंजीनियर के घर से 2 करोड़ कैश बरामद

### विजिलेंस टीम को देखकर खिड़की से नोटों के बंडल फेंके

**एजेंसी ● भुवनेश्वर**

ओडिशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर रेड की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपए के सोने के गहने और महंगे कपड़े भी मिले हैं।



विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपए के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नोटों की गिनती जारी है।

इंजीनियर की पहचान ओडिशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में काम करता है। उसके पास आय से ज्यादा संपत्ति होने का पता चला था। फ्लैट और पैतृक आवास से 1-1



करोड़ कैश मिला आधिकारिक बयान में बताया गया कि ओडिशा पुलिस की एंटी करप्शन विंग ने भुवनेश्वर, अंगुल और पुरी में चीफ इंजीनियर के ठिकानों पर पर छापा मारा। उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से करीब 1 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए, जबकि अंगुल स्थित पैतृक आवास से 1.1 करोड़ रुपए मिले हैं।

बैकुंठ नाथ सारंगी पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। अंगुल में विजिलेंस के स्पेशल जज ने उनके खिलाफ सर्च वारंट जारी किया था, जिसके आधार पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। विजिलेंस ने अंगुल के करदागड़िया में दो मंजिला घर, भुवनेश्वर और पुरी जिले के पिपिली के सिउला में फ्लैट सहित 7 ठिकानों का पता लगाया।

इसके बाद 26 पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने सभी 7 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। टीम में आठ DSP, 12 इंस्पेक्टर और छह असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर शामिल थे। अंगुल में सारंगी के पैतृक घर के अलावा रिश्तेदारों के घरों की भी तलाशी ली गई। भुवनेश्वर में आरडी प्लानिंग एंड रोड स्थित चीफ इंजीनियर के ऑफिस पर तलाशी ली गई। कैश बरामद होने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इनमें फर्श पर नोटों का ढेर पड़ा है। आसपास बैठे अधिकारियों को कैश गिनते हुए देखा जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का किया शुभारंभ

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया

### जन-जन को जागरूक करना सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का दायित्व

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वास्तविक तथ्यों को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस दृष्टि से सोशल मीडिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया की इस क्षमता को पहचान कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से जन-जन से निरंतर संवाद और संपर्क में रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टी.आर.आई.) द्वारा जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए आयोजित डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संग्रहालय में दीप प्रज्वलित कर तथा जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा, रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव तथा निदेशक टी.आर.आई श्री विनोद कुमार, बाल भारती के पूर्व अध्यक्ष श्री निशांत खरे, आयुक्त तथा सचिव जनसंपर्क श्री सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यक्ति अपनी क्षमता, योग्यता और प्रतिभा को बहुत आसानी से बढ़ा सकता है, यह जनसामान्य को वर्तमान समय में उपलब्ध हुई सरल किन्तु महत्वपूर्ण और जीवन बदल देने वाली तकनीक है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से उपलब्ध हैं, इस स्थिति में सोशल मीडिया की तकनीकों की उपलब्धता सौभाग्य का विषय है। इसके उपयोग से व्यक्ति अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर सकता है। सोशल मीडिया तकनीकों का उपयोग अपने व समाज के हित और प्रगति के लिए करना सभी के लिए लाभदायक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल प्लेटफार्म पर सक्रिय होने के लिए सभी को प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं।




मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने संकल्प के बल पर इतिहास रचा। उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उसे तिलांजलि देकर विश्व में भारतीय प्रतिभा और योग्यता को स्थापित किया। भारतीय इतिहास वीर और पराक्रमी योद्धाओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों से भरा है। परंतु कुछ महापुरूषों के पराक्रम और देश के लिए योगदान संबंधी जानकारी के प्रसार का अभाव रहा। महान शासक माने जाने वाले राजा अकबर को रानी दुर्गावती ने तीन बार परास्त किया। परंतु इसकी गूंज इतिहास में कम सुनाई देती है। समाज और इतिहास को प्रभावित करने वाली घटनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और जागरूकता लाना सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का प्रमुख दायित्व है। मुख्य वक्ता इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय ने इन्फुएंसर्स की विशेषता, नेतृत्व के गुण, फॉलोअर्स के प्रति दायित्व, संवाद और सम्प्रेषण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। कार्य की सफलता में परिश्रम के साथ-साथ दृढ़संकल्प भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्य में सफलता के लिए अपनी पूरी सामर्थ्य और क्षमता के साथ प्रयास करना जरूरी है।

पशुपालन एवं इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

# लक्ष्य पूर्ति के लिए उन्नत पशुधन की संख्या बढ़ाएं : सिंह

**संवाददाता ● इंदौर**



संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभागायुक्त कार्यालय में इंदौर संभाग में पदस्थ पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने उक्त विभागों से संबंधित गतिविधियों, कार्यक्रमों, योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। बैठक में सिंह ने निर्देश दिये कि दुग्ध उत्पादन की लक्ष्य पूर्ति को पूरा करने के लिये उन्नत किस्म के पशुधन को बढ़ाया जाये। पशुओं को उन्नत किस्म का आहार दिया जाये। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस का समस्थ जिलों में विस्तार किया जाये। साथ ही वृहद स्वावलंबी गौशालाओं के माडल तैयार कर निराश्रित गौवंश का उपयुक्त व्यवस्थापन किया जाये।

**आयोजन**

पशुपालकों को पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। हितग्राहियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जाये। बैठक में बताया गया कि देश में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। मध्यप्रदेश में प्रतिदिन 551 लाख किलोग्राम दुग्ध उत्पादन होता है, जो राष्ट्र का 9 प्रतिशत है। प्रदेश में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता 644 ग्राम प्रतिदिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 459 ग्राम प्रतिदिन है। प्रदेश में गौवंशी पशु, भैंसवंशीय पशु, बकरे-बकरियां और कुक्कुट पालन ठीक प्रकार से किया जा रहा है।

सभी जिला मुख्यालय में चलित पशु चिकित्सा इकाई है। पशुधन को होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव हेतु उनका समय-समय टीकाकरण किया जाता है। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा पशुपालकों के लिये किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ठीक से क्रियान्वयन हो रहा है। इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों को कम ब्याज दर पर आवश्यक कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना। राज्य शासन द्वारा द्वारा वर्ष 2016 से जारी आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना चलाई जा रही है। इस योजना से जहां दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है वहीं हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति भी सुधर रही है। साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ रहे है। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना में नवीन खटक डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना प्रगतिरत है। इस योजना में एक इकाई में एक ही नस्ल के गौवंशीय भैंस पशु रहेंगे। हितग्राही के पास न्यूनतम 3.50 एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है।

## जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



इंदौर। इंदौर जिले के राजस्व न्यायालयों की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली की निगरानी अब और अधिक सुदृढ़ होगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इन कैमरों के माध्यम से अधिकारियों की उपस्थिति, प्रकरणों की सुनवाई की प्रक्रिया और अन्य गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में राज्सव अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि यह पहल राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बोर्ड रुम में समय पर उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी समय पर नहीं पहुंचते, जिससे कार्यों में देरी होती है। इसे रोकने के लिए बोर्ड रुम में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरा लगाने की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण के किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। तीन माह से अधिक लंबित एक भी मामला नहीं रहना चाहिए। यह एसडीएम और नायब तहसीलदारों की जिम्मेदारी होगी। बैठक में अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, राजेन्द्र रघुवंशी, निशा डामोर, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद थे।

पोर्टल बनने का इंतजार न करें - फार्मर रजिस्ट्री के मामलों में भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व वसूली को लेकर भी कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वे पोर्टल बनने का इंतजार न करें, बल्कि अभी से पूरी मेहनत के साथ कार्य में जुट जाएं। सीएम हेल्पलाइन रेवेन्यू ग्रेडिंग में आई गिरावट पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी शिकायतों का 50 दिनों के भीतर समाधान हो। शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रुप से संवाद कर उनकी समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए।

**शॉट न्यूज**

### चांदी की अंगूठी मिली तो दूल्हे पक्ष ने किया हंगामा, मारपीट

**इंदौर**। लसूड़िया इलाके के मैरिज गार्डन में बारात पहुंची तो दूल्हे को चांदी की अंगूठी दी तो वह क्रोधित हो गया। दूल्हे सहित उसके माता-पिता और बारातियों ने हंगामा करते हुए गार्डन में बर्तन फेंकना शुरू कर दिए। इस दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की। पुलिस ने दूल्हे के अलावा माता-पिता सहित अन्य बारातियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने फरियादी भगवान पिता लक्ष्मण शेलार (60) निवासी चिकित्सक नगर की रिपोर्ट पर दूल्हा सचिन पिता शिव निवासी गांधी नगर, पिता शिव और मां इंदिरा बाई एवं बाराती रवि मंगल श्याम बबलू आदि के खिलाफ धारा 85, 115, 296, 351 एवं दहेज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी भगवान ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 28 मई को अनंत वाटिका गार्डन में आयोजित की गई थी।

### प्रेमी जोड़े ने जहर खाया, प्रेमिका की मौत प्रेमी युवक की हालत गंभीर

**इंदौर**। बीती रात राजेंद्र नगर क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने जहर खा लिया जिसमें लड़की की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। वही प्रेमी की हालत गंभीर भरी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका का नाम आयुषी पिता प्रदीप सोनी (20) निवासी तेजपुर गड़बड़ी है। प्रेमी का नाम कपिल पिता विश्वंभर शर्मा (25) है। कपिल का भाई राहुल ने बताया कि रात्रि लगभग 10:20 बजे कपिल ने उनसे फोन पर संपर्क किया और बताया कि आयुषी उनके साथ है और वे दोनों मिलना चाहते हैं। जब दोनों राहुल के पास पहुंचे तो कपिल ने बताया कि उन्होंने जहर खा लिया है। कपिल और आयुषी ऑटो रिक्शा से चले गए लेकिन बाद में राहुल ने दूसरी ऑटो रिक्शा से उनका पीछा करते हुए देव गुराडिया के पास उन्हें रोका।

### एनसीएलएटी के आदेश ने वेदांता के डीमर्जर का मार्ग प्रशस्त किया

**मुंबई**। नेशनल कपंनी लॉ अपेलट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने एनसीएलटी के मुंबई बेंच द्वारा दिए गए आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत वेदांता लिमिटेड के पावर बिज़नेस के डीमर्जर तथा परिणामी कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के साथ इसके मर्जर को खरिज़ कर दिया गया था। दो सदस्यों के बेंच ने लिखा कि स्टे देना उचित होगा। ''ऐसे में हमारे समक्ष पेश किए गए मुद्दे पर विस्तार से विचार करने की ज़रूरत है। वर्तमान में प्रस्तुत किए गए सबमिशन के मद्देनज़र योजना अलग हो सकती है और इसलिए अगर विवादित आदेश पर स्टे नहीं दिया जाता तो यह विभिन्न ट्रिब्यूनल्स में लंबित अन्य तीन स्थानान्तरणकर्ता कंपनियों के संदर्भ में दायर दूसरे मोशन ऐप्लीकेशन को प्रभावित कर सकता है।

# आईआईटी मंडी ने 'प्रयास 3.0' की घोषणा

## रोबोटिक्स, एआई और IoT पर एक माह का रेजिडेंशियल प्रोग्राम

**संवाददाता ● मंडी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने अपने सतत शिक्षा केंद्र (सीसीई) के माध्यम से रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर एक महीने के गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रयास 3.0 के शुभारंभ की घोषणा की है। आईआईटी मंडी परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 16 जून, 2025 को शुरू होगा। प्रयास 1.0 और प्रयास 2.0 की सफलता के बाद, प्रयास 3.0 भी प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ प्रयोगात्मक शिक्षा देगा। प्रोग्राम के बारे में: प्रयास 3.0 विद्यार्थियों को रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में नवीनतम टूल्स और तकनीकों के साथ गहन प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसमें शामिल होंगे। एम्बेडेड सिस्टम्स, Arduino प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न, IoT इंटीग्रेशन।

### मुख्य विशेषताएँ

- प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा– रियल-टाइम एप्लिकेशन्स पर कार्य
- आईआईटी मंडी के फैकल्टी द्वारा मार्गदर्शन
- उन्नत तकनीकों से परिचय – Arduino, Python, CNNs, YOLO आदि
- कैपस्टोन प्रोजेक्ट मूल्यांकन आईआईटी मंडी से प्रमाणपत्र
- पूर्णतः आवासीय कार्यक्रम – हॉस्टल व भोजन की सुविधा सहित

### पात्रता

- यह कार्यक्रम अंडरग्रेजुएट, ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट इंजीनियरिंग छात्रों के साथ-साथ डिप्लोमा धारकों के लिए खुला है जो ऑटोमेशन, एआई और IoT के क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल प्राप्त करना चाहते हैं।

आईआईटी मंडी के सतत शिक्षा केंद्र के प्रमुख डॉ. तुषार जैन ने कहा, 'प्रयास 3.0, अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों के निर्माण के लिए आईआईटी मंडी की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।'

### पंजीकरण विवरण

- अनुमानित प्रारंभ तिथिः 16 जून 2025
- अवधिः 1 माह
- प्रोग्राम शुल्कः 62,400 (आवास और भोजन सहित)
- आवेदन करें: https://cce.iitmandi.ac.in
- अधिक जानकारी के लिए कृपया ऊपर दी गई वेबसाइट पर विज़िट करें।

### रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा स्पेशल ट्रेन 5-5 ट्रिप निरस्त रहेगी

**संवाददाता ● भोपाल**

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मण्डल में बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर यार्ड में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत थर्ड रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद)-रीवा द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 05-05 ट्रिप निरस्त रहेगी। जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 01704 रीवा से चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) स्पेशल अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनाँक 05 जून से 19 जून 2025 तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद) से रीवा स्पेशल अपने प्रारम्भिक स्टेशन चर्लपल्ली (सिकन्दरबाद से दिनाँक 06 जून से 20 जून 2025 तक निरस्त रहेगी । यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

अस्पताल संचालक बोले सभी अनुमतियां होने के बाद भी टीम ने की थी अस्पताल पर कार्रवाई

## 5 लाख रुपए मांगने पर श्यामपुर बीएमओ सहित चार के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत

**संवाददाता ● भोपाल**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना अनुमति चल रहे निजी अस्पतालों के विरुद्ध जांच के लिए बनाई गई टीम पर एक निजी अस्पताल संचालक ने गंभीर आरोप लगाते हुए इनकी शिकायत लोकायुक्त एडीजी को की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पास अस्पताल संचालन की अनुमतियां होने के बाद भी टीम द्वारा उसके अस्पताल पर कार्रवाई की गई। इस दौरान उससे पांच लाख रुपए की मांग की गई। अस्पताल संचालक ने मामले में श्यामपुर बीएमओ डॉ. नवीन मेहर, डॉ. रश्मि पटेल, डॉ. नीरज डागोर सहित एक अन्य के खिलाफ 5 मई को लोकायुक्त में आवेदन देकर शिकायत की है।

**आरोप**

जानकारी के अनुसार डॉ. राजेश लिखितकर निवासी द ब्लेयर मिंट कालोनी गांधी नगर भोपाल ने एडीजी लोकायुक्त को अनैतिक मांग के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा श्यामपुर तहसील के ग्राम सोनकच्छ में लिखितकर आरोग्य केयर एंड क्योर नामक हास्पिटल संचालित किया जा रहा है। इस अस्पताल के संचालन के लिए सीएमएचओ कार्यालय से उसे वर्ष 2019 से मार्च 2025 तक के लिए अनुमति दी गई थी। संचालक द्वारा मार्च 2025 के बाद की अनुमति के लिए 31 अगस्त 2024 को ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका था। डॉ. लिखितकर ने बताया कि एक मई 25 को उन्हें कोई सूचना दिए बिना ही खुद को सीएमएचओ द्वारा गठित निरीक्षण दल, जिसमें बीएमओ डॉ. मेहर सहित अन्य दो चिकित्सक व एक अन्य व्यक्ति शामिल था। अस्पताल पहुंचकर स्टॉफ के साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। टीम आने की सूचना मिलने पर जब वे अस्पताल पहुंचे, तो जांच अधिकारी बीएमओ डॉ. मेहर ने उनके साथ भी अभद्रता की।

### अस्पताल संचालक ने लगाया परेशान करने का आरोप

अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश लिखितकर ने शिकायती पत्र में बताया कि उसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में वर्ष 2019 से निजी अस्पताल व प्रसव केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान एक भी शिकायत उनके खिलाफ नहीं की गई है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के एक चिकित्सक उनसे लगातार अनैतिक मांग करते हुए आद्रता कर प्रताड़ित कर अस्पताल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. लिखितकर ने एडीजी लोकायुक्त सहित मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य आयुक्त व सीएमएचओ सीहोर को लिखित शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

**पांच अस्पतालों पर की गई थी कार्रवाई** - बता दें कि एक मई को सीएमएचओ कार्यालय द्वारा क्षेत्र में बिना अनुमति के चल रहे निजी अस्पतालों की जांच के लिए टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा श्यामपुर, सोनकच्छ, अहमदपुर, दोराहा सहित क्षेत्र के निजी अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई की गई थी। इस दौरान टीम द्वारा कुछ अस्पतालों को बिना अनुमति संचालित होना पाया गया था। जिनके खिलाफ सील करने की कार्रवाई करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया था।


# ग्वालियर में एमपीएल जर्सी अनावरण समारोह में आईसेक्ट का लोगो युक्त टी-शर्ट लांच

- एमपीएल में चयनित होकर आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश लीग (एमपीएल) के बहुप्रतीक्षित दूसरे सीजन की शुरुआत ग्वालियर में आयोजित जर्सी अनावरण समारोह के साथ भव्य रूप से हुई। इस अवसर पर आईसेक्ट समूह का लोगो युक्त टी-शर्ट भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमपीएल के चेयरमैन श्री महाआर्यमन सिंधिया, जीडीसीए के प्रेसीडेंट श्री प्रशांत मेहता तथा एमपीएल के सीईओ एवं कन्वेनर श्री रवि पाटनकर रहे। इस विशेष आयोजन में आईसेक्ट समूह की ओर से श्री मनोज त्रिपाठी, विकास अवस्थी तथा आरएनटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विजय प्रताप विशेष रूप से उपस्थित रहे। टूर्नामेंट 12 जून से शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में आरंभ होगा। आरएनटीयू के तीन होनहार छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से एमपीएल में चयनित हुए हैं। पुरुष वर्ग में बीपीईएस के छात्र प्रारब्ध मिश्रा ग्वालियर चिताह टीम से तथा एमपीईएस के छात्र अखिल निगोटे यादव इंदौर पिंक पैंथर से पदार्पण कर रहे हैं। महिला वर्ग में आरएनटीयू की बीपीईएस की छात्रा संस्कृति गुप्ता, जो मुंबई इंडियंस वूमन आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुकी हैं, अब भोपाल वॉल्व्स टीम से एमपीएल में हिस्सा ले रही हैं। यह पहली बार है जब एमपीएल में महिला क्रिकेट लीग को भी शामिल किया गया है, जिसमें तीन टीमें भाग ले रही हैं। जर्सी अनावरण समारोह में राज्य भर से आए खेल प्रेमियों, टीम अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस उपलब्धि पर आईसेक्ट समूह के चेयरमैन एवं आरएनटीयू के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, आईसेक्ट के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, तथा आरएनटीयू की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।





हों डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने

# 50वीं वर्षगांठ पर गोल्ड विंग टूर लॉन्च की 'बुकिंग्स ओपन'

**संवाददाता ● गुरुग्राम**

आइकॉनिक टूरिंग उत्कृष्टता के पचास वर्षों का जश्न मनाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज 2025 गोल्ड विंग टूर – 50वीं वर्षगांठ संस्करण – के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित मॉडल के पचास वर्ष पूरे होने पर, गोल्ड विंग टूर लग्ज़री टूरिंग का नया मानदंड स्थापित करता है। इसकी बुकिंग अब शुरू हो गई है और इसे विशेष रूप से कंपनी के प्रीमियम BigWing Topline डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। 50वीं वर्षगांठ का यह होंडा गोल्ड विंग टूर रु. 39.90 लाख (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम, हरियाणा) की कीमत पर उपलब्ध है।

**घोषणा**

लॉन्च की घोषणा करते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, "हम भारत में 50वीं वर्षगांठ गोल्ड विंग टूर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। 2025 गोल्ड विंग टूर की लॉन्चिंग 1975 में शुरू हुई एक आइकॉनिक यात्रा की स्मृति को समर्पित है। पिछले पाँच दशकों में, गोल्ड विंग प्लेटफ़ॉर्म ने एक प्रतिष्ठित पहचान बना ली है — जो क्लास, आराम और दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है। 50वीं वर्षगांठ संस्करण इस बेमिसाल विरासत को श्रद्धांजलि है और लॉन्ग-डिस्टेंस टूरिंग प्रेमियों के लिए हमारी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव है।"

इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग निदेशक श्री योगेश माथुर ने कहा, "हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए 50वीं वर्षगांठ संस्करण गोल्ड विंग टूर को लॉन्च करते हुए अत्यंत हर्षित हैं। इस विशेष संस्करण के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसा सवारी अनुभव प्रदान करना है जो नवाचार, विलासिता और शक्ति का समुचित संतुलन प्रस्तुत करता है।



गोल्ड विंग टूर केवल एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि उन मोटरसाइकिल प्रेमियों की पीढ़ी को समर्पित एक प्रतीक है, जिन्होंने लक्ज़री टूरिंग को एक कला के रूप में अपनाया है। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस प्रमुख लक्ज़री टूरर की बुकिंग अब आरंभ हो चुकी है, और भारत में ग्राहक डिलीवरी जून 2025 से प्रारंभ की जाएगी।"

2025 गोल्ड विंग टूर एक अत्याधुनिक स्टाइल के साथ आता है, जिसमें एक विशिष्ट आकार दिया गया है जो वायुगतिकीय दक्षता और सड़क पर शाही उपस्थिति के बीच संतुलन बनाए रखता है। इसके अलावा, इस बाइक में एक विशेष गोल्ड विंग प्रतीक चिह्न दिया गया है, जिसमें '50वीं वर्षगांठ' और '1975 से' जैसे विवरण शामिल हैं, जो इस मोटरसाइकिल की ऐतिहासिक उपलब्धि को दर्शाते हैं। इसके आधुनिक डिज़ाइन को और निखारने के लिए इसमें फुल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम और एयरफ्लो-ऑप्टिमाइज़्ड वेंट्स दिए गए हैं, जो बाइक को हवा में आसानी से आगे बढ़ने में मदद करते हैं, साथ ही लंबे सफ़र के लिए ज़रूरी बेहतरीन एर्गोनॉमिक्स भी प्रदान करते हैं।

उपकरणों की बात करें तो नई गोल्ड विंग टूर में फीचर्स से भरपूर कॉकपिट मिलता है, जिसमें 7.0-इंच की फुल-कलर टीएफटी डिस्प्ले दी गई है, जो राइडिंग, नेविगेशन और ऑडियो से जुड़ी जानकारी प्रदान करती है। इसके अलावा, इसमें अपने वर्ग में पहली बार वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले की सुविधा दी गई है। बाइक स्टार्ट करते समय अब एक नया वेलकम स्क्रीन भी दिखाई देता है, जिसमें "Since 1975" लिखा होता है। टूरिंग के दौरान आराम को और बेहतर बनाने के लिए इसमें एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक विंडस्क्रीन दी गई है, जो बेहतरीन विंड प्रोटेक्शन देती है, साथ ही बेहतर क्वालिटी वाले स्पीकर्स हैं जो सभी स्पीड पर समृद्ध ध्वनि अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, दो यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) और कई अन्य आधुनिक सुविधाएं भी इसमें मौजूद हैं।

नई Honda Gold Wing Tour का दिल है एक विशाल 1833cc, लिक्विड-कूल्ड, 4-स्ट्रोक, 24-वाल्व, फ्लैट सिक्स-सिलेंडर इंजन, जो 93 किलोवॉट की पावर और 170 एनएम का पीक टॉर्क उत्पन्न करता है। यह इंजन 7-स्पीड ड्युअल क्लच ट्रांसमिशन (DCT) के साथ जोड़ा गया है। लंबी दूरी की यात्राओं और तेज़ प्रतिक्रिया वाले एक्सेलेरेशन के लिए डिज़ाइन किया गया यह इंजन कठिन टूरिंग परिस्थितियों में भी बेहतरीन प्रदर्शन प्रदान करता है।

### जल्दी मिलेगी सौगात : इंदौर मेट्रो में पहले सप्ताह मुफ्त यात्रा की सुविधा

# पीएम आज करेंगे मेट्रो ट्रेन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर में मेट्रो शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मेट्रो गांधी नगर से पांच स्टेशनों के बीच चलेगी। यात्रियों को पहले सप्ताह मुफ्त

**सौगात**

यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके बाद सामान्य किराया लिया जाएगा। एक सेट में तीन डिब्बे होंगे। हर दिन करीब 90 फेरे होंगे। गांधी नगर मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के प्रवेश के लिए सीढ़ियां और एस्केलेटर दोनों की व्यवस्था है। स्टेशन परिसर में पहुंचने के बाद बाईं ओर टिकट काउंटर बने हैं, जहां फिलहाल मैन्युअल टिकट मिलेंगे। वेंडिंग मशीन की जगह छोड़ी गई है लेकिन मशीन से टिकट मिलने की सुविधा अभी नहीं है।

**डोर और हेंड मेटल डिटेक्टर से होगी जांच** - टिकट लेने के बाद सामने सुरक्षा जांच होगी। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग- अलग लाइन की व्यवस्था रखी जाएगी। जांच में डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (DFMD) और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (HHMD) का इस्तेमाल होगा। सामान की जांच एयरपोर्ट जैसी X-Ray बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम से होगी।



#### स्टेशन से प्लेटफॉर्म और मेट्रो तक कैसे पहुंचेंगे

इंदौर मेट्रो का सफर गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से शुरू होगा। चेकिंग के बाद प्लेटफॉर्म की ओर जाने के लिए सीढ़ियां और एस्केलेटर दोनों उपलब्ध हैं। सीधे हाथ तरफ से सीढ़ियां प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 की ओर जाती हैं। उल्टे हाथ की ओर की सीढ़ियां प्लेटफॉर्म 3 और 4 की ओर जाती हैं। हर मेट्रो 2 मिनट के लिए स्टेशन पर रुकेगी और हर 30 मिनट पर फेरा लगेगा।

#### ऐसी होगी कोच में सिटिंग

प्रत्येक मेट्रो ट्रेन में तीन कोच होंगे। सभी कोच स्टेनलेस स्टील से बने हैं और रस्ट प्रूफ हैं। हर कोच में आमने-सामने की सीटिंग है जिसमें 45 यात्री बैठ सकते हैं। 350 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं। हर कोच में मोबाइल चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध हैं।

#### दिव्यांग के लिए ब्रेल टाइल्स

दृष्टिहीन यात्रियों के लिए ऑडियो अनाउंसमेंट और ब्रेल टाइल्स की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही दिव्यांगों के लिए सीट रिजर्व की गई है। हर कोच में डिजिटल मैप और LED स्क्रीन लगी है जो रुट की जानकारी देती हैं। मेट्रो टाइमिंग और किराया सिस्टम - गांधी नगर और सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 से सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक मेट्रो चलेगी। हर 30 मिनट में मेट्रो का एक फेरा होगा। शुरु में कुल 90 फेरे प्रतिदिन लगाए जाएंगे।

#### मेट्रो का किराया

1 से 2 स्टेशन : 20 रुपए
3 से 5 स्टेशन : 30 रुपए
6 से 8 स्टेशन : 40 रुपए
9 से 11 स्टेशन : 50 रुपए
12 से 14 स्टेशन : 60 रुपए
15 से अधिक स्टेशन : 80 रुपए

पहले सप्ताह सफर पूरी तरह मुफ्त रहेगा। इसके बाद दूसरे हफ्ते से 75% डिस्काउंट और फिर 50%, 25% की छूट दी जाएगी।

## शॉट न्यूज

### सरकारी स्कूलों में मिली लापरवाही तो होगी सख्त कार्रवाई

**इंदौर**। सरकारी स्कूलों में हर माह होने वाले निरीक्षण को लेकर डीपीआई ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार अगले महीने से शुरू होने वाले स्कूलों में किया जाने वाले निरीक्षण संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किया जाना है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सरकारी स्कूलों में हर माह शासन के निर्देशानुसार निरीक्षण भी करना होता है। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, विकास खंड शिक्षा अधिकारी तय स्कूल देखने होते हैं। कोर्स, गणवेश, पुस्तक, साइकिल, स्कालरशिप खेल आदि बिंदुओं पर निरीक्षण होता है। अब इन बिंदुओं पर यदि किसी भी अधिकारी ने लापरवाही की तो बर्दाश्त नहीं होगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। 1 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो चुका है और प्रवेश उत्सव के तहत छात्रों को गणवेश, पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है।

### कंपनी का कर्मचारी 2 लाख का पेमेंट लेकर फरार

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में एक कंपनी का कर्मचारी प्लास्टिक दाने का पेमेंट 2 लाख रुपया कंपनी में जमा नहीं करते हुए लेकर भाग गया। पुलिस आरोपी कर्मचारी की तलाश कर रही है। मामले में पुलिस ने फरियादी राकेश पिता जगदीश प्रसाद शर्मा 54 साल निवासी प्रीमियम पार्क कॉलोनी की रिपोर्ट पर अशोक पिता मुन्नालाल विश्वकर्मा निवासी फिनिक्स टाउन शिव के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज किया है। फरियादी राकेश शर्मा ने बताया कि 19 अक्टूबर 20 24 को कंपनी ने प्लास्टिक दाने का कच्चा र मटेरियल राजश्री प्लास्टिक इंडस्ट्रीज को डिलीवरी करने के लिए डिलीवरी वाहन एमपी 09 gh 0926 के ड्राइवर संतोष को दिया था। साथ में कंपनी कर्मचारी अशोक विश्वकर्मा भी गया था।

### नवविवाहिता की आत्महत्या में पति सहित तीन फंसे

**इंदौर**। खुड़ैल थाना क्षेत्र में नव विवाहिता द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पति और सास ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। गत 20 अप्रैल को दूधिया क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय मलूका राठौर ने आत्महत्या कर ली थी। मामला नव विवाहिता का होने के कारण जांच उपपुलिस अधीक्षक उमाकांत चौधरी ने की। उन्होंने मृतका के माता-पिता और अन्य के बयान लिए। जिसमें पता चला कि मलूका को पति दीपक राठौड़ सास गोरीबाई और ससुर कैलाश राठौड़ प्रताड़ित करते थे। वही पति के अन्य महिला से संबंध भी थे। इसी से परेशान होकर मलूका ने सुसाइड कर लिया था। उप पुलिस अधीक्षक चौधरी की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी

## पीएचडी रजिस्ट्रेशन के लिए आज अंतिम दिन

**संवाददाता ● इंदौर**



पीएचडी में रजिस्ट्रेशन की आज अंतिम तारीख है। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने पीएचडी के इच्छुक प्रत्याशियों के लिए 5 दिन की समय सीमा और दी इसके तहत आज यह समाप्त हो रही है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि पीएचडी रजिस्ट्रेशन के लिए और समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। आज अंतिम दिन भी उम्मीदवार नॉन डीईटी और डीईटी में आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन**

यूनिवर्सिटी अधिकारियों के अनुसार 37 विषयों की 800 सीटों पर 695 आवेदन आए हैं, जिसमें वाणिज्य और प्रबंधन विषय में सर्वाधिक पंजीयन हुए हैं। यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने बताया कि चौंकाने वाली बात यह है कि लगभग आधा दर्जन विषय ऐसे हैं, जिनमें किसी भी उम्मीदवार ने शोध के लिए रुचि नहीं दिखाई है। यूनिवर्सिटी ने 1 मई से पीएचडी विषयों और गाइड के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू की है। नॉन डीईटी श्रेणी के 25 विषयों के लिए 160 गाइड हैं। हालांकि डांस, भूगोल (जियोग्राफी) और दर्शन (फिलासफी) जैसे विषयों में एक भी शिक्षक ने जानकारी नहीं दी। इसके चलते इन विषयों पर आवेदन नहीं बुलाए गए हैं। 22 विषयों में 600 सीटों की जानकारी प्राप्त हुई है। इनमें वाणिज्य, प्रबंधन, हिंदी-अंग्रेजी, समाजशास्त्र, भौतिकी व रसायन विषयों में सर्वाधिक सीटें उपलब्ध हैं। बताया जा रहा है कि नॉन डीईटी श्रेणी में 520 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के आधार पर प्रवेश मिलेगा। उधर, इंजीनियरिंग संकाय से संबंधित 13 विषयों में डीईटी के लिए 35 प्रोफेसरों ने मार्गदर्शक बनने के लिए पंजीयन कराया है, जिनके पास कुल 90 सीटें रिक्त हैं। अधिकारियों के अनुसार पूर्व भी डीईटी श्रेणी में 110 सीटें खाली थीं। डीईटी के तहत कुल 75 गाइड के पास 200 सीटें उपलब्ध हैं । 16 जून को डीईटी रखी गई है।

## गोपुर से परस्पर नगर तक बनने वाली सर्विस रोड का भूमिपूजन

**संवाददाता ● इंदौर**

गोपुर चौराहे से परस्पर नगर चौराहा तक 63 लाख रुपये की लागत वाली सर्विस रोड का भूमिपूजन आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और स्थानीय विधायक मधु वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा,पार्षद प्रशांत बड़वे स्थानीय नागरिक एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में और इंदौर में भाजपा सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्विस रोड लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी, जिसे आज पूरा किया जा रहा है। महापौर ने बताया कि इंदौर में चंदन नगर से कलानी नगर होते हुए एयरपोर्ट को जोड़ने वाली सड़क का टेंडर भी जारी कर दिया गया है, और जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता में नंबर वन है, ग्रीनरी में भी लगातार आगे बढ़ रहा है और अब हमारा अगला लक्ष्य डिजिटल शहर बनना है। इसके लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि डिजिटल इंदौर की संकल्पना पूरी होने के बाद यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।उन्होंने कहा कि हम एक फ्यूचरिस्टिक एप्रोच के साथ काम कर रहे हैं, जिसके तहत इंदौर को देश का सबसे बेहतरीन डिजिटल शहर बनाया जाएगा। आईटी कंपनियों को इंदौर में आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि युवाओं को यहीं बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें।

### अनंत जीवन सेवा एवं शोध समिति का आयोजन

## इंदौर के 'कला एवं शिल्प उत्सव' में 1 घंटे में तैयार हुई फैब्रिक पेंटिंग



**संवाददाता ● इंदौर**

आपका हुनर ही आपकी पहचान है। देश, प्रदेश में कई ऐसे हुनरमंद मौजूद है, जिन्होंने अपनी पहचान अपनी कुछ अनूठी कला के जरिए बनाई। इंदौर के ढक्कनवाला कुआं के ग्रामीण हाट बाजार में चल रहे 'कला एवं शिल्प उत्सव' में ऐसे ही कई हुनरमंद मौजूद है, जो कला को देशभर में पहुंचा चुके है।

**उत्सव**

'अनंत जीवन सेवा एवं शोध समिति' के 'कला एवं शिल्प उत्सव' में इंदौर की रितिका जैन ने कपड़े पर चित्रकारी (फैब्रिक पेंटिंग) की। वे फैब्रिक के साथ ही फ्लोरल, मिथिला, जैन, थांका आर्ट करती है।

लाइव डेमो में रितिका ने 1 घंटे में फैब्रिक पेंटिंग कर नेचर को कपड़े पर उतारा। इससे पहले उन्होंने कपड़े पर पेंसिल से पेंटिंग बनाई। रंगों से कलाकारी कर लव बर्ड के आसपास खूबसूरत गुलाबों को बनाकर बताया कि फैब्रिक पेंटिंग पर रंगों के इस्तेमाल के दौरान ध्यान रखना है कि रंग और पानी का अनुपात (तालमेल) सही हो। वरना फैब्रिक पेंटिंग खराब हो सकती है। ज्यादा पानी कपड़े पर फैलकर पेंटिंग के आकार को बिगाड़ सकता है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त इंदौर के मोहम्मद नासिर छिपा की बटिक प्रिंट कला का भी लाइव डेमो हुआ। मोम से बनने वाली यह पारंपरिक कला पीढ़ियों से मेहनत और कौशल का प्रतीक रही है। छिपा ने बताया कि ब्लॉक और ब्रश से बनने वाली ये कला मेहनत की है, इसलिए इसे करने वाले कम है। आज इस कला का लाइव डेमो देते हुए बात कर इसे सीखने के लिए प्रेरित भी किया।

'अनंत जीवन सेवा एवं शोध समिति' की अध्यक्ष ज्योति कुमरावत ने बताया कि 'गांधी शिल्प बाजार' का आयोजन 2 जून तक किया जा रहा है। संस्था प्रदेशभर में इस तरह के आयोजन करती रही है। शिल्प बाज़ार में इस बार मुरादाबाद का पीतल का काम, मेटल से बने सजावटी सामान को लेकर आए है। इसके अलावा यहां मार्बल की सजावटी वस्तुएं, साड़ी, जैकेट, सूखे मेवे, सारंगपुर का फर्नीचर, भदोई का कारपेट, आयुर्वेदिक सामान, लेदर वर्क, भागलपुर की साड़ी और सूट, ब्लॉक प्रिंट, महेश्वरी, चंदेरी, बाग और बनारसी साड़ियां, लखनऊ का चिकन वर्क, खादी के कुर्ते एवं शर्ट, दिल्ली की जूलरी, बुटिक प्रिंट, खुर्जा के चीनी मिट्टी के बर्तन एवं आकर्षक गमले, हैदराबादी पर्ल जूलरी, खादी के हर्बल प्रोडक्ट लेकर शिल्पकार और हस्तशिल्पी आए हैं। शिल्प बाज़ार में 75 से ज्यादा स्टॉल पर देशभर और प्रदेश का शिल्प मौजूद है।

### सीबीएसई ने छात्रहित में लचीलापन दिखाते लिया निर्णय

## 10वीं में बेसिक मैथ्स पढ़ने वाले छात्रों को फीस में छूट

**संवाददाता ● इंदौर**

10वीं में बेसिक मैथ्स से स्टडी करने वाले छात्रों के लिए यहां अच्छी खबर है। सीबीएसई ने बेसिक मैथ्स पढ़ने वाले छात्रों को दी जाने वाली फीस में छूट जारी रखने का फैसला लिया है। सीबीएसई के इस लचीलेपन से छात्रों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। हालांकि बताया जा रहा है कि बेसिक मैथ्स में फीस की छूट रखने का निर्णय सिर्फ कोरोना कल के लिए रहा।



जानकारी अनुसार सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) ने स्कूलों को पत्र लिखा है कि वे ऐसे छात्रों का अपने स्तर पर मूल्यांकन कर उन्हें 11वीं में मैथ्स लेने की अनुमति दे सकते हैं। सीबीएसई ने 2019 में मैथ्स को दो स्तर बेसिक और स्टैंडर्ड में बांटा। इसका उद्देश्य 11वीं में मैथ्स के दबाव को कम करना था। बताया जा रहा है कि स्टैंडर्ड मैथ्स कठिन होता है। इसके आधार पर छात्र 11वीं में अप्लाइड मैथ्स या इंजीनियरिंग जैसे विकल्प चुन सकते हैं, जबकि बैसिक मैथ्स आसान होता है, लेकिन इसके चलते छात्रों को आगे चलकर गणित विषय चुनने में दिक्कत होती है, भले ही उन्होंने बोर्ड में अच्छे अंक क्यों न प्राप्त किए हों। कई छात्र 9वीं के बाद बेसिक मैथ्स का विकल्प चुनते हैं, लेकिन 10 वीं में अच्छे अंक आने के बावजूद उन्हें 11वीं में मैथ्स नहीं लेने दिया जाता। इससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। खासकर इंजीनियरिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए। वहीं स्टैंडर्ड मैथ्स के छात्र अपेक्षाकृत कम अंक लाने के बावजूद आगे की पढ़ाई में मैथ्स विषय ले सकते हैं। जानकारी अनुसार कोविड काल में दी गई छूट अब भी जारी रखना यह दर्शाता है कि सीबीएसई विद्यार्थी हित में लचीलापन बरत रहा है। हालांकि बोर्ड पहले इस छूट को खत्म करने की बात कर चुका था, लेकिन छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए फिलहाल इसे जारी रखा गया है।

## बाल भवन में क्ले वर्क वर्कशॉप शुरू

**संवाददाता ● इंदौर**

बाल भवन इंदौर द्वारा बच्चों में उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के कैंप और वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इसी के तहत 'क्ले वर्क वर्कशॉप' का आयोजन बाल भवन में किया जा रहा है, जिसमें मिट्टी के द्वारा विभिन्न प्रकार के सजावटी चीजों को बच्चो को बनाना सिखाया जा रहा है। इससे बच्चो में उनकी सृजन क्षमता को उभारने में बाल भवन द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बाल भवन के सहायक संचालक विष्णु प्रताप सिंह राठौर ने बताया कि बाल भवन इंदौर में लगातार इस प्रकार की अलग-अलग विधाओ में बच्चो को पारंगत करने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मेहंदी कार्यशाला, ड्राइंग क्लास, कंप्यूटर



क्लास, इंस्ट्रूमेंट म्यूजिक, स्पोकन इंग्लिश क्लास आदि का आयोजन इसी का उदाहरण है, जो बाल भवन में लगातार आयोजित हो रहा है। इन सभी शिविरों के माध्यम से बच्चो को टी.वी एवं मोबाइल की दुनिया से बाहर निकाल कर उनमें रचनात्मकता का विकास किया जा रहा है। बच्चों द्वारा भी उक्त आयोजित शिविरों में अत्यधिक उत्साह से भाग लिया जा रहा है।

### पर्यटकों के वातावरण और सुविधाएं विकसित करने के लिए संभागायुक्त दीपक सिंह ने दिए निर्देश

## पर्यटन क्षेत्र के विकास की अपार संभावनाएं

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर संभाग के विभिन्न धार्मिक, ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए भी संभावनाएं है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने निर्देश दिए हैं कि संभाग के पर्यटन क्षेत्रों के विकास के साथ ही वहां पर पर्यटकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए और सुविधाएं भी विकसित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की पर्यटन विभाग पर्यटन स्थलों के अनुरक्षण, उन्नयन और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दें। बताया गया कि पर्यटन विभाग द्वारा इस दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं, जो लगातार चल रहे हैं। इससे पर्यटन क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या

**निर्देश**



बढ़ रही है। विशेषकर मांडव, महेश्वर ओंकारेश्वर, धार, बुरहानपुर, इंदौर, आलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, झाबुआ आदि शहरों में किले से लेकर मंदिर, गुफा, महल, घाट, संग्रहालय आदि है, जो पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं।

संभागायुक्त कार्यालय में गत दिवस इंदौर संभाग में चल रहे पर्यटन क्षेत्रों के विकास संबंधी विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को कहा कि मांडु में स्थित जहाज महल के तीनों तालाबों में वोट चलाई जाए। इसके लिये यह व्यवस्था की जाए कि वह पानी हमेशा बने रहे। पर्यटकों के लिए रोचक गतिविधियां भी हो। इनमें लेजर शो, फोनटेन शो, वॉटर स्पोर्ट्स आदि कराये जा सकते है। मोरटक्का के पास रिक्त भूमि पर पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित हों। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि इंदौर संभाग के बाग प्रिंट कला को विस्तारित किया जाये।

इसी प्रकार महेश्वर में 110 करोड़ रुपये की लागत से अहिल्या लोक निर्माण किया जाना है, जिसकी डीपीआर बन गई है। देवी अहिल्या बाई की राजधानी महेश्वर होने के कारण अहिल्या लोक का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व अधिक है। धार जिले में स्थित बुड़ी मांडव में पर्यटन स्थल का विकास किया जाना है। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ मद के तहत 19.97 करोड़ रुपये की लागत से राजवाड़ा के दरबार हाल का अनुरक्षण एवं विकास कार्य किया जाना है, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। यह कार्य 30 जून 2027 तक पूर्ण होना प्रस्तावित है।

# रेलयात्रा के दौरान आपके बच्चे कितनी शकर खाते हैं?

बुधवार को मुंबई के सीएसटी स्टेशन पर अपनी ट्रेन का इंतजार करते हुए मैं एक विदेशी अखबार पढ़ रहा था, जिसमें लेख था कि हम सभी एक दिन में कितनी अतिरिक्त शकर खाते हैं। लेख में बताया गया था कि एक औसत अमेरिकी सुबह के नाश्ते में ही लगभग 17 चम्मच शकर खा लेता है, जबकि एक सक्रिय वयस्क को पूरे दिन में केवल 12 चम्मच (50 ग्राम) शकर का ही सेवन करना चाहिए। कई देशों के हार्ट एसोसिएशंस तो इससे भी बहुत कम शकर के सेवन की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि धूप में कड़ी मेहनत करने वाले पुरुषों को भी दिन में 9 चम्मच से ज्यादा अतिरिक्त शकर नहीं खानी चाहिए, जो 36 ग्राम के बराबर है। वहीं घर पर आराम से काम करने वालों को तो 6 चम्मच से ज्यादा अतिरिक्त शकर नहीं खानी चाहिए, जो कि प्रतिदिन 25 ग्राम के बराबर है।

जैसे ही ट्रेन आई और मैं उसमें सवार हुआ, तीन लोगों का एक परिवार भी उस फर्स्ट क्लास कूप में बैठा। दो बच्चों के पास एक स्टारबक्स की वनीला फ्रैपुचीनो कोल्ड कॉफी ड्रिंक की बोतल थी। मैंने अखबार खोला और उसमें शकर की मात्रा देखी। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि उसमें 7.5 चम्मच चीनी थी! लेख में आगे पूछा गया था कि अगर आप घर पर कॉफी बनाते हैं, तो क्या आप उसमें एक चम्मच से ज्यादा चीनी डालेंगे?

शाम 4.50 बजे ट्रेन कल्याण पहुंची और चाय परोसी जाने लगी। उसके साथ नमकीन बादाम, एक सैंडविच और एक भारतीय कंपनी का 30 ग्राम वजन का ड्राई फ्रूट पतीसा था। बच्चों ने उसे भी झट से खा लिया। मैंने बस पतीसा के पैकेट को पलटकर देखा और पता किया कि इसमें कितनी चीनी है। उसमें 100 ग्राम में 43.9 ग्राम अतिरिक्त चीनी सहित कुल 45 ग्राम शकर थी, जो 11 चम्मच शकर के बराबर है। इसका मतलब है कि 30 ग्राम पतीसा में 4 चम्मच अतिरिक्त शकर थी।

मां ने बच्चों के लिए चाय की जगह थोड़ा दूध मांगा और उसमें सिंगल यूज सीरियल्स को मिलाया, जिनमें पहले ही तीन चम्मच अतिरिक्त चीनी थी। बच्चों ने इसमें भी चाय की ट्रे में दिए गए 5 ग्राम चीनी के पाउच को मिला दिया, और दोनों को मिलाकर लगभग चार चम्मच चीनी बनती थी। ट्रेन अगले पड़ाव नासिक के लिए रवाना हुई। बाहर बारिश हो रही थी, जबकि ट्रेन के अंदर कूप में कुछ मिनटों की शांति रही। अचानक घाट सेक्शन में बहने वाली प्राकृतिक जलधारा ने बच्चों को आकर्षित किया और वे उसकी तस्वीरें लेने लगे।

**शाम 4.50 बजे ट्रेन कल्याण पहुंची और चाय परोसी जाने लगी। उसके साथ नमकीन बादाम, एक सैंडविच और एक भारतीय कंपनी का 30 ग्राम वजन का ड्राई फ्रूट पतीसा था। बच्चों ने उसे भी झट से खा लिया। मैंने बस पतीसा के पैकेट को पलटकर देखा और पता किया कि इसमें कितनी चीनी है। उसमें 100 ग्राम में 43.9 ग्राम अतिरिक्त चीनी सहित कुल 45 ग्राम शकर थी, जो 11 चम्मच शकर के बराबर है।**

एक बच्चे ने हल्के पेट दर्द की शिकायत की और जब उसकी मां ने पूछा कि क्या वह सुबह टॉयलेट गया था, तो उसने ना कहा। तुरंत मां ने कुछ इम्पोर्टेड योगर्ट उसे यह कहते हुए खिला दिया कि दही उसके बाउल मूवमेंट को आसान बना देगा। फेज टोटल 2% हनी ग्रीक योगर्ट के उस एक सर्व-कप में 25 ग्राम अतिरिक्त शकर थी, जो छह चम्मच शकर के बराबर है। मैंने मां की फूड-बास्केट में कई चॉकलेट एनर्जी बार भी देखे, जिनमें से प्रत्येक में तीन-तीन चम्मच के बराबर शकर थी। जिस बच्चे ने दही नहीं खाया था, उसने एक एनर्जी बार खाया। यानी ट्रेन चलने के साढ़े तीन घंटे के भीतर ही एक बच्चे ने 18.5 और दूसरे ने 21.5 चम्मच अतिरिक्त शकर का सेवन कर लिया था।

जब ट्रेन नासिक से अपने अगले पड़ाव जलगांव के लिए रवाना हुई, तो कैफेटेरिया में डिनर परोसने की तैयारी चल रही थी। जलगांव के करीब डिनर प्लेट आई और दो चीजों ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला दी- रसगुल्ला और वनीला आइसक्रीम। अब मेरे पास शकर के चम्मच गिनने की हिम्मत नहीं बची थी, जो इन दो चीजों में थी। मैं चुपचाप जलगांव उतर गया और उन्हें अपना डिनर खाने दिया।

फंडा यह है कि अनजाने में ही हम अपने बच्चों को सुविधा की आड़ में दिए जाने वाले प्रोसेस्ड फूड के जरिए कई चम्मच अतिरिक्त शकर खिला रहे हैं। सोचिए, क्या आप उनके मोटापे में योगदान नहीं दे रहे हैं?

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा ।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के संत इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के संत इग्नाटियस संत जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में...

# एक उड़ान, जिसने जीवन के प्रति मेरा नजरिया बदला

जीवन में कुछ चीजें ऐसी हैं, जिन्हें हम हल्के में लेते हैं। कभी-कभी इस सूची में स्वयं जीवन भी शामिल होता है, चाहे हमें इसका एहसास हो या न हो। बुधवार, 21 मई को मैं दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में सवार होता हूं। यह मेरे सार्वजनिक जीवन का एक और दिन है, एक और उड़ान। मैंने आपातकालीन निकास द्वार पर 19एफ की अपनी चिर-परिचित सीट ली। मैं वो तमाम चीजें कर रहा हूं, जो आमतौर पर फ्लाइट में करता हूं। हवा में 45 मिनट बिताने के बाद एक घोषणा होती है, जिसमें हमें सीटबेल्ट बांधने के लिए कहा जाता है। लेकिन कोई हलचल (टबुर्लेंस) नहीं है। लगभग पांच मिनट बाद हम बिजली चमकते देखते हैं, जो दिन के उजाले को चीरती हुई मालूम होती है। अब हमें थोड़ा टबुर्लेंस महसूस होता है और यह तेजी से बढ़ने लगता है। मुझे एहसास होता है यह कोई सामान्य स्थिति नहीं है।

**एडिट.नोट**

विमान डरावने ढंग से दाईं ओर झुक रहा है। मैं एयरबस ए321नियो के दाईं ओर बैठा हूं और मैं विमानों के झुकने का आदी हूं, लेकिन यह हर बार की तरह नहीं है। अब पूरा विमान खतरनाक तरीके से एक तरफ झुकना शुरू हो जाता है। हम तेजी से नीचे की ओर गिर रहे हैं। यह कोई एक या दो मिनटों की बात नहीं, यह कम से कम दस मिनटों तक चलता है। बाहर केवल बादल, कड़कती बिजलियां और ओलावृष्टि दिखाई देती हैं। मेरा दिमाग में बहुत सारी चीजें चलने लगती हैं। अब यात्री केबिन से दूसरी आवाजें भी आने लगती हैं। साधारण बातचीत या भोजन परोसने की आवाजें नहीं, बल्कि लोग चिल्ला रहे हैं, प्रार्थना कर रहे हैं। इससे अतिरिक्त तनाव और भय पैदा होता है। कुछ यात्री अपने फोन पर इसे रिकॉर्ड करने लगते हैं कि एक आवाज आती है- वीडियो बनाना बंद करो। ऐसा नहीं है कि इन लम्हों में मेरा पूरा जीवन मेरी आंखों के सामने चलचित्र की तरह चलने लगा है। इसके बजाय, मैं इस विचार से ग्रस्त हूं कि अगर कुछ बुरा हुआ, तो मैं अपनी इकलौती बेटी की कुछ महीनों बाद होने वाली शादी से चूक जाऊंगा! मैं अपनी बेटी, पत्नी, सौतेली बेटियों, भाइयों, सहकर्मियों, दोस्तों के बारे में सोचता हूं। मैं सोचता हूं उन सभी को पीछे छोड़ जाना कितना दुःखद होगा। मुझे उनमें से किसी को भी अलविदा कहने का मौका नहीं मिलेगा। यह उन रिश्तों और मैत्रियों के लिए एक गहरा, स्थायी दुःख है, जिनका इस भयावह दोपहर के बाद कोई अस्तित्व न होगा। मुझे पता है मेरा जीवन सौभाग्यशाली रहा है। शायद इसका 1990 में कोलकाता की एक गली में जाने से कुछ लेना-देना था, जहां ननों की मंडली का विश्वव्यापी मुख्यालय था। सादगी से भरी उस जगह में एक बरामदे में चार स्टूल रखे थे। यहीं पर मदर टेरेसा (वर्तमान में कलकत्ता की सेंट टेरेसा) से मेरी पहली मुलाकात हुई थी और मैंने उनके हाथ को छुआ था।

तो, मेरे दिमाग में और क्या चल रहा था? मैंने राजनीति के बारे में नहीं सोचा। मैंने संसद के बारे में नहीं सोचा। मैंने एक्स या इंस्टाग्राम पर अपने फॉलोअर्स की संख्या के बारे में नहीं सोचा। मेरा ध्यान उन लोगों पर था, जिन्हें मैं प्यार करता हूं। जो मेरे लिए दुनिया से बढ़कर हैं। जो मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहे हैं। मैंने परम-सत्ता से प्रार्थना की। मैंने उनसे एक अनुबंध किया। एक अच्छा व्यक्ति बनने का अनुबंध! इसके शायद तीस मिनट बाद हम लैंड हुए। लैंडिंग से पहले केबिन-क्रू के एक सदस्य ने हमसे अपनी खिड़कियों के पर्दे नीचे खींचने को कहा, क्योंकि हम एक सैन्य हवाई क्षेत्र में उतर रहे थे। विमान के रुकने के बाद इंजन बंद कर दिए गए और सभी लोग उतरने लगे। लेकिन मैं बैठा रहा। अकेला ही। क्यों? मुझे नहीं पता। शायद इस सब को अच्छे से प्रोसेस करने के लिए।

## विराग गुप्ता -लेखक

# विवादों में घिरे यूट्यूब से जुड़े 5 पहलुओं की समझ जरूरी

चीनी उत्पादों के वर्चस्व पर चिंता के बीच सीसीटीवी कंपनियों से जासूसी रोकने के लिए कंपनियों को कैमरे का हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सोर्स कोड सरकारी लैब में जांच के लिए देना पड़ सकता है। सूचना, संचार और मीडिया में अमेरिकी डिजिटल कंपनियों का कब्जा भी बेहद चिंताजनक है। इसी परिप्रेक्ष्य में विवादों में घिरे यूट्यूब से जुड़े 5 पहलुओं की समझ जरूरी है। विदेशी कंपनी : भारत में 49 करोड़ यूजर्स वाले यूट्यूब ने 2022-2024 में कंटेंट क्रिएटर्स को 21000 करोड़ रु. से ज्यादा का भुगतान किया। यह प्रिंट या टीवी मीडिया के किसी भी ग्रुप की कुल आमदनी से कई गुना ज्यादा है। केंद्र सरकार के नए नियम के अनुसार विदेशी फंडिंग लेने वाले एनजीओ अखबार नहीं छाप सकते।


लेकिन भारत में सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य स्थापित करने वाले यूट्यूब का टीवी या अखबार जैसा कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। उपभोक्ता अदालत के फैसले के खिलाफ वॉट्सएप ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील में कहा कि भारतीय अदालतों का अमेरिकी कंपनी पर क्षेत्राधिकार नहीं है। यूट्यूब भी अमेरिकी कानून से संचालित होकर भारत की पुलिस और अदालतों के क्षेत्राधिकार से बाहर रहने की कोशिश करता है। जासूसी : 4 यूट्यूब चैनलों में 41 करोड़ सब्स्क्राइबर्स वाले अमेरिका के मिस्टर बीस्ट के पास टॉम क्रूज और शाहरुख खान से ज्यादा संपत्ति है। यूट्यूब से कमाई को देखकर भारत में भी रील बनाने वालों की बाढ़ आई है। भारत में 15000 यूट्यूब चैनल ऐसे हैं, जिनमें से प्रत्येक के पास 10 लाख से ज्यादा सब्स्क्राइबर्स हैं। मुनाफे की अंधी दौड़ में इनमें से अनेक आपराधिक और देश-विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त रहते हैं। शेयर मार्केट में इन्फ्लुएंसर्स से बढ़ रहे फ्रॉड और फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए सेबी ने अनेक निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली पुलिस, मेट्रो और रेलवे ने रील बनाने के खिलाफ सख्त निर्देश जारी किए हैं। गिरफ्तार यूट्यूबर्स की जासूसी से जुड़े मुकदमों में सरकार को अदालत में यह साबित करने में मुश्किल हो सकती है कि सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध जानकारी को विदेश में साझा करने से किस कानून का उल्लंघन हुआ है? कॉपीराइट : कंटेंट आईडी टूल के माध्यम से कॉपीराइट उल्लंघन का पता चलने पर तीन स्ट्राइक के बाद यूट्यूब खाते पर रोक लग सकती है। एएनआई के साथ विवाद पर यूट्यूबर्स के तीन तर्क हैं। कॉपीराइट कानून में फेयर यूज के अनुसार कम समय की वीडियो क्लिपिंग का इस्तेमाल हो सकता है।

दूसरा, कॉपीराइट के उल्लंघन के मामले में एएनआई उस वीडियो की आमदनी पर दावा कर सकती है। तीसरा, यूट्यूब चैनल पर मनमाने तरीके से रोक लगाना अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है। अमेरिका में कॉपीराइट उल्लंघन के मामले में यूट्यूब चैनल को ब्लॉक नहीं किया जाता। यह भी समझना जरूरी है कि गूगल और सोशल मीडिया कंपनियों के सारे एआई प्लेटफॉर्म भारत में जनता और सरकार के डेटा का गैर-कानूनी तरीके से व्यावसायिक इस्तेमाल करके कॉपीराइट कानून को धता बता रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर यूट्यूब से हो रही आमदनी में भारत के पब्लिशर्स और सरकार के साथ टेक कंपनियों की रेवेन्यू शेयरिंग क्यों नहीं होनी चाहिए?

टैक्स चोरी : साल 2016 में गूगल इंडिया ने भारत में नंबर एक कंपनी का दर्जा हासिल करने के लिए 4.29 लाख करोड़ की आमदनी का आंकड़ा दिया था। लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के हलफनामे के अनुसार गूगल इंडिया 5904 करोड़ की आमदनी पर ही टैक्स देती थी। विवाद बढ़ने के बाद गूगल ने अगले साल से रैंकिंग वाली कम्पनियों के चार्ट में आमदनी के आंकड़े देना बंद कर दिया। गौरतलब है कि ग्राहक फीस और विज्ञापन के अलावा भारत के 50 करोड़ लोगों के डेटा के कारोबार से अरबों डॉलर कमाने वाली टेक कंपनियां डेटा शेयरिंग के अनुबंधों पर जीएसटी और दूसरे टैक्सों का भुगतान नहीं करतीं। सरकारी कंटेंट : नेता, अफसर, सरकार और पार्टियों के यूट्यूब चैनल में अमूमन विज्ञापन नहीं होने की वजह से आमदनी नहीं होती। लेकिन ऐसे वीडियोज का इन्फ्लुएंसर और दूसरी कंपनियां इस्तेमाल करके बड़े पैमाने पर आमदनी करती हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के सीधे प्रसारण के वीडियोज का भी गैर-कानूनी तरीके से व्यावसायिक इस्तेमाल होता है। यूट्यूब के विदेशी प्लेटफार्म को सरकारी तौर पर बढ़ावा दिया जाना गलत है। एएनआई के बजाय प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो या दूरदर्शन के पास सरकारी वीडियोज और कंटेंट का एकाधिकार हो तो सामरिक सुरक्षा बढ़ने के साथ कॉपीराइट से जुड़े विवादों में कमी आएगी।

## बिजनेस

# रिलायंस डिजिटल की बूट अप इंडिया सेल युवा पीढ़ी को बनाती है सशक्त, बेहतरीन टेक डील्स और 1 करोड़ की स्कॉलरशिप के साथ




**मुंबई।** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल को अपनी अब तक की सबसे बड़ी लैपटॉपसेल- बूट अप इंडिया के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है. यह सिर्फ एक सेल ही नहीं है, बूट अप इंडिया एक अभियान ह जिसका एक शक्तिशाली उद्देश्य हैः आज के छात्रों को कल के अवसरों के लिए तैयार करके उन्हें सशक्त बनाना. इस पहल का उद्देश्य यह दर्शाना है कि 31 मई से 31 अगस्त तक चलने वाली बूट अप इंडिया सेल सिर्फ एक शॉपिंग इवेंट ही नहीं है, बल्कि यह इंडिया की अगली पीढ़ी के लीडर्स, क्रीएटर्स और इनोवेटर्स के लिए एक सच्चा लॉन्च पैड है।

बूट अप इंडिया सेल मेंरिलायंस डिजिटल और मायजियो स्टोर्स और reliancedigital.in पर आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं. लैपटॉप, एक्सेसरीज और आटी संबंधी अन्य जरूरी चीजों की आकर्षक कीमतों के साथ-साथ, बूट अप सेल में कई बेहतरीन इनाम भी शामिल हैंः

देश भर के छात्रों के लिए 1 करोड़ की स्कॉलरशिप, 25 कार, 40 बाइक और 450 से ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स जीतने का मौका, हर ग्राहक के लिए निश्चित उपहार, जिससे हर खरीदारी दिलाएगी इनाम, बैंक ऑफर्स और कैश बैक, बूट अप इंडिया एक एकीकृत अभियान है जिसमें इन-स्टोर एक्टिवेशन, सोशल मीडिया संचार और विभिन्न क्षेत्रों में मेल-जोल संबंधी गतिविधियां करना शामिल हैं। यह अभियान आपकीक्षमताओं कोबढ़ाने और टेक्नोलॉजीहरकिसी केलिए पहुंच योग्य बनाने कीरिलायंस डिजिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. चाहे आप कॉलेज की तैयारी कर रहे छात्र हों, अपने बच्चे के भविष्य में निवेश करने वाले माता-पिता हों, प्रोडक्टिविटी के लिए अपग्रेड करने वाले प्रोफेशनल हों, बेहतर पर फॉर्मेंस की तलाश करने वाले गेमर हों, रचनात्मक सीमाओं को लांघने वाले क्रिएटर हों या डिजिटल दुनिया में खुद की जगह बनाने वाले वरिष्ठ हों, यहां आपकी जरूरत अनुसार हर तरह का लैपटॉप है. तो आइए और बूट अप इंडिया सेल में खोजाइए और अपने सपनों को हकीकत में बदलिए. यह सिर्फ एक सेल नहीं है - यह भविष्य के लिए आपका लॉन्चपैड है.

**नियम एवं शर्तें लागू-**

रिलायंस डिजिटल केबारे मेंः रिलायंस डिजिटल भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर है, यह600 से ज्यादा शहरों मेंमौजूद है, जिसमें 650 से भी ज्यादा बड़े फॉर्मेट वाले रिलायंस डिजिटल स्टोर्स और 990 से भी ज्यादा माय जियो स्टोर्स हैं, जो देश के हर नुक्कड़ और कोने में ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैंऔर सभी के लिए बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पहुंच में ला रहे हैं.। 300 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय ब्रांड्स-।और सर्वोत्तम कीमतों पर 5000 से ज्यादा प्रोडक्ट्स के साथ, ग्राहकों को उनकी जीवनशैली के अनुरूप टेक्नोलॉजी संबंधी सही समाधान खोजने में मदद करने के लिए, रिलायंस डिजिटल के पासकई सारेमॉडल्स हैं जिनमें से ग्राहक पसंदीदा मॉडल चुन सकते हैं.

## राज-काज

### पतंजलि पर पैसे के लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को केंद्र सरकार ने पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर नोटिस भेजा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी जांच एजेंसियों को पतंजलि के पैसों के लेन-देन में गड़बड़ियां मिलीं हैं। एजेंसियों ने कई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को संदिग्ध माना है। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने पातंजलि को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब देने को कहा है। जांच शुरूआती चरण में है, इसलिए रकम का खुलासा नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की आशंका पर जांच शुरू की गई है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है।

# 2047 तक पांच गुना बढ़कर 32 लाख करोड़ पर पहुंच जाएगा भारत का रक्षा बजट



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बड़ा बदलाव दिख सकता है। वर्ष 2047 तक देश का रक्षा बजट 31.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ और केपीएमजी की एक साझा रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के भारत के 6.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को देखते हुए यह एक महत्पूर्ण वृद्धि होगी और इसमें अगले दो दशकों में करीब पांच गुना का उछाल आ सकता है ।रिपोर्ट में अनुसार, भारत के रक्षा उत्पादन में भी जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है। 2024-25 में 1.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में इसके 2047 तक 8.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। देश अपने रक्षा निर्यात का विस्तार करने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा रहा है। इसके वर्तमान 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 2.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आगामी रक्षा रणनीतियों का मुख्य फोकस इसमें पूंजीगत व्यय (उंस्री७) की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 यह कुल बजट का 27 प्रतिशत है, जिसके 2047 तक बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और हथियार प्रणालियों में अधिक निवेश के संकेत देते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर भारत का खर्च भी बढ़ेगा। इसके वर्तमान के 4 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा पर खर्च किए जाने वाला खर्च सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत 2 प्रतिशत से बढ़कर 2047 तक 4-5 प्रतिशत पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा व्यय के मामले में भारत की वैश्विक स्थिति में भी सुधार होने की संभावना है। इस मामले में भारत वर्तमान में चौथे स्थान पर है। 2047 तक रक्षा खर्च के मामले में हम तीसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं।

# शेयर बाजार लाल निशान पर हुआ बंद; सेंसेक्स 182 अंक टूटा, निफ्टी 24800 से नीचे आया

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक या 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। इसमें 24 शेयरों में गिरावट आई और छह शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के दौरान यह 346.57 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 81,286.45 अंक पर आ गया।

एनएसई निफ्टी 82.90 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 पर आ गया। धातु, आईटी और ऑटो क्षेत्र के शेयरों में गिरावट आई, जबकि बैंकिंग शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। इससे आईटी शेयरों में गिरावट दिखी और एशियाई बाजारों में सुस्त माहौल बना। इसके कारण शुक्रवार को शेयर बाजार सीमित दायरे में बंद हुए।विश्लेषकों ने कहा कि बाजार बंद होने के बाद घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क थे। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 1.73 फीसदी की गिरावट आई। एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंफोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे।



गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क पर वाहन चलते हुए।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सामाजिक प्रकल्पों की गूंज पहुंचेगी देश-विदेश में

# पीएम का भोपाल आना, बहनों के सशक्तिकरण को करेगा सशक्त : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

आगमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 31 मई को हो रहे महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के लिए भोपाल आगमन हमारी बहनों के सशक्तिकरण और राष्ट्र हित सर्वोपरि के भाव को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा। प्रधानमंत्री जी के लोकमाता देवी अहिल्या बाई की त्रि-शताब्दी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश आगमन से लोकमाता के सामाजिक प्रकल्पों की गूंज भी देश-विदेश में पहुंचेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रधानमंत्री मोदी के भोपाल आगमन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक



में दिए गए प्रजेंटेशन को देखा और की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार 30 मई को जम्बूरी मैदान स्थित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेंगे। बैठक में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए बैठक व्यवस्था, उनके लिए पेयजल प्रबंध, पार्किंग, चलित शौचालय, कार्यक्रम स्थल पर मौसम के अनुकूल आवश्यक प्रबंध, मंच व्यवस्था और प्रदर्शनी स्थल के संबंध में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सम्पन्न तैयारियों की जानकारी दी गई। बैठक में वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह और हितानंद शर्मा, सांसद वीडी शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### करोड़ों की संपत्ति के मालिक कमरे में कैद

**दमोह**। जिले के हटा तहसील के विजवार गांव में भगवान बिहारी जू सरकार 20 साल से पंचायत भवन के एक कमरे में कैद हैं। यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन यह सच है कि करोड़ों रुपए की संपत्ति के स्वामी भगवान आज इस तरह से भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। जबकि भगवान के नाम पर बैंक में 60 लाख रुपए और 52 एकड़ सिंचित कृषि भूमि है। इतना सब होने के बाद भी भगवान बिहारी जू सरकार पंचायत के एक कमरे में बंद हैं। इसका कारण भगवान का मंदिर न होना है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह और शाम मात्र आधे घंटे के लिए दरवाजा खुलता है, बाकी समय बंद रहता है। भक्तों को खिड़की से दर्शन और पूजा करनी पड़ती है। ग्रामीणों द्वारा पिछले वर्ष भगवान के मंदिर निर्माण का प्रयास किया गया था, लेकिन कानूनी बाध्यता के चलते मंदिर निर्माण का काम बंद पड़ा है। 2005 में बुंदेलखंड इलाके में आई बाढ़ के दौरान विजवार गांव का मंदिर भी इसकी चपेट में आकर गिर गया था।

### सिलवानी विधायक का पोता अचानक गायब

**रायसेन**। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के सिलवानी क्षेत्र में दो वर्षीय बालक के लापता होने से सनसनी फैल गई है। यह बच्चा कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल के चचेरे भाई योगेंद्र पटेल का पोता है, जो शुक्रवार सुबह अपने घर से अचानक गायब हो गया। घटना उस समय की है जब बच्चा सुबह करीब 11 बजे पलोहा गांव स्थित घर में था। घर पर उस वक्त उसकी मां, दादी, चाची और सात साल की बहन मौजूद थीं। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में सुबह वह आंगन में अकेले सेब खाते हुए नजर आया। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। बच्चे के लापता होने की खबर फैलते ही पूरे गांव और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रायसेन से लेकर गैरतगंज तक पुलिस विभाग सक्रिय हो गया। खुद पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे मौके पर पहुंचे और जांच की कमान संभाली। अब तक अपहरण की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### तालाब में अचानक मरीं हजारों मछलियां

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की करेरा तहसील अंतर्गत आने वाले दिनारा कस्बे में मौजूद दिनारा तालाब में रहस्यमई तरीके से मछलियों की मौत का मामला सामने आया है। तालाब में पिछले दो दिनों से लगातार हजारों की संख्या में मछलियों की मौत हो रही है। इस तालाब से अब मवेशियों ने भी पानी पीना बंद कर दिया है। लोगों की शिकायत पर अब मत्स्य विभाग ने जांच के आदेश जारी किए हैं। इलाके में 20 हजार की आबादी इस तालाब पर पेयजल के लिए आश्रित है। लोगों में डर और चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है। लोगों को आशंका है कि तालाब में किसी ने जहरीला पदार्थ मिलाया है, जिसकी वजह से लगातार मछलियों की मौत हो रही है। मत्स्य विभाग द्वारा जारी किए गए इस तालाब में मछली पालन और शिकार के लाइसेंस के बाद यहां शिकारी मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार करते हैं और कई बार मामूली जहर मिलाकर मछलियों को मारने की कोशिश की जाती है।

तीन दिवसीय विरासत महोत्सव का किया शुभारंभ

# साहस-पराक्रम की त्रिवेणी थे महाराजा छत्रसाल : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड की धरती वीरों और रणबांकुरों की धरती है। इस पवित्र धरती पर महाराजा छत्रसाल का जन्म हुआ। मैं वीरों की धरती को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए आज पुरुषार्थ और पराक्रम का दिन है। आज बुंदेलखंड के वीर सपूत महाराजा छत्रसाल की जंयती है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की धरती पर परमात्मा ने विशेष कृपा की है। इस धरती ने रणबांकुरे दिए है। मुख्यमंत्री आज छतरपुर जिले के ग्राम मऊ सहानियां में महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के सौजन्य से आयोजित महाराजा छत्रसाल जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा छत्रसाल की लड़ाई देश के स्वाभिमान की लड़ाई थी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मुगलों से लोहा लिया और अपने पुरुषार्थ और पराक्रम से आततायियों से देश की रक्षा की। उनका यह साहस उस कठिन दौर में अनुपम था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा छत्रसाल उस कठिन दौर में सत्ता साहस और पराक्रम के त्रिवेणी थे। उन्होंने मुगलों को धूल चटाई और देश का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराजा छत्रसाल, रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, लोकमता देवी अहिल्याबाई होलकर हमारे गौरव हैं। हमें उनके कठिन संघर्षों, उनके पराक्रमों और उनके आदर्शों से शिक्षा लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा छत्रसाल के साहस और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए स्कूल, कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में पाठ शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे।



**नदी जोड़ो परियोजना का शुभारंभ हुआ**

उन्होंने कहा कि बुंदेलखखड के अंदर पानी की दिक्कतें वर्षों से रही है। बुंदेलखंड में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्षों से उलझी पड़ी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मऊ सहानियां में संस्कृति विभाग के सहयोग से महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विरासत महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने महाराज छत्रसालजी की जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विरासत महोत्सव में छत्रसाल दर्पण स्मारिका का विमोचन किया। इस दौरान कृषि मंत्री एवं छतरपुर के प्रभारी मंत्री एदल सिंह कंषाना, सांसद खजुराहो वीडी शर्मा, विधायक महाराजपुर कामाख्या प्रताप सिंह, छतरपुर विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### कुत्ते ने खा ली मुर्गी, युवक ने पीटा

#### फिर बोरे में डालकर लगा दी आग

**बैतूल**। मध्य प्रदेश के बैतूल में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शख्स ने स्ट्रीट डॉग को पहले बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। फिर शव को बोरी में भरकर जलाने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना रात करीब 12:30 बजे की है। गर्ग कॉलोनी की इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एनिमल लवर वर्षा पवार के पास भी जा पहुंचा। उन्होंने बैतूल गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिसकर्मियों ने डॉगी का अधजला शव माचना नदी किनारे से जब्त किया। आरोपी की पहचान कॉलोनी के ही हयात खान के रूप में हुई, जो घटना के बाद से फरार है। वीडियो में आरोपी हयात कुत्ते को बेरहमी से डंडे से पीटता दिखाई दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे बोरी में भरकर जला दिया। डॉगी के कुछ अंग मौके पर पाए गए हैं। पशु प्रेमी वर्षा पवार (42) ने बताया कि बुधवार सुबह 11:34 बजे उनके वॉट्सऐप पर रितिका नागले के नंबर से 14 सेकेंड का एक वीडियो आया। वीडियो में एक व्यक्ति एक स्ट्रीट डॉग को पीटते हुए दिखाई दिया। जब उन्होंने पड़ताल की तो वीडियो सही पाया गया। उन्होंने बैतूल गंज पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की। वो पुलिस को लेकर घटनास्थल पर भी पहुंचीं।

पति के खिलाफ एफआईआर को बताया सही

## बीवी से अननैचुरल संबंध-शारीरिक दुर्व्यवहार क्रूरता : हाई कोर्ट



संवाददाता ● भोपाल

मामला

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि पत्नी की इच्छा के विरुद्ध अप्राकृतिक संबंध बनाना और उसके साथ मारपीट करना क्रूरता है। इस आधार पर कोर्ट ने पत्नी द्वारा पति के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर को सही ठहराया है। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि पति पर आईपीसी की धारा 377 या 376 के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। मामला ग्वालियर बेंच का है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती दी थी। पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 377, 323 और 498 (ए) के तहत मामला दर्ज किया था। व्यक्ति का कहना था कि पत्नी के साथ अप्राकृतिक संबंध भारतीय कानून में अपराध नहीं है। उसने यह भी कहा कि एफआईआर में दहेज उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं है, इसलिए 498 (ए) भी लागू नहीं होता। जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने इस मामले पर फैसला सुनाया। उन्होंने कहा कि पत्नी की इच्छा के विरुद्ध और उसके विरोध करने पर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाना, मारपीट करना और शारीरिक क्रूरता करना निश्चित रूप से क्रूरता की परिभाषा में आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्रूरता के लिए दहेज की मांग जरूरी नहीं है।

#### ये है आईपीसी ऑकी धारा 498ए

कोर्ट ने आईपीसी की धारा 498ए का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि इस धारा के अनुसार, कोई भी जानबूझकर किया गया ऐसा काम जो किसी महिला को गलत कदम उठाने या उसके जीवन, अंग या स्वास्थ्य (मानसिक या शारीरिक) को गंभीर खतरा पहुंचाने की संभावना रखता हो, क्रूरता माना जाएगा।

## पीछा छूटा अपना तो... डॉक्टरनी के व्हाट्सएप स्टेटस ने मचाया तहलका, सस्पेंड

संवाददाता ● राजगढ़

जिला अस्पताल में पदस्थ एक लेडी डॉक्टर को ट्रांसफर के बाद व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाना भारी पड़ गया। लेडी डॉक्टर ने जैसे ही व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाया, ये स्टेटस वायरल हो गया। स्टेटस में लिखे शब्दों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक ने तुरंत महिला डॉक्टर को निलंबित कर दिया। दरअसल राजगढ़ जिला अस्पताल में लंबे समय से पदस्थ महिला डॉक्टर आकांक्षा सिंह का राजगढ़ से ट्रांसफर नीमच कर दिया गया था। इसके बाद महिला डॉक्टर ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाते हुए लिखा कि 'याद रहे स्वयं के व्यय से और मनचाही जगह पर।।। पीछा छूटा अपना तो।।। नोटः लेटर हेड पर जिन आदरणीय ने उछल-उछलकर लिखकर दिया था कि हमारा ट्रांसफर कर दिया जाए, वो अपनी एप्लीकेशन डस्टबिन से उठा ले, वो वही पड़ी है अब तक।।। महिला डॉक्टर के द्वारा लिखे गए शब्दों के बाद 27 मई को लगाया गया ये स्टेटस वायरल हो गया। मामला संज्ञान में आने पर वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने महिला डॉक्टर आकांक्षा सिंह के द्वारा की गई अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की। महिला डॉक्टर को मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबित कर खरगोन पदस्थ किया है।

# पीएम के प्रोग्राम को लेकर ट्रैफिक प्लान जारी

संवाददाता ● भोपाल

आयोजन

भोपाल के जंबूरी मैदान में होने जा रहे देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में प्रदेशभर से हजारों महिलाएं शामिल होंगी। इस भव्य आयोजन में लगभग 5000 बसों के जरिए महिलाओं का आगमन प्रस्तावित है। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए यातायात पुलिस ने मार्ग, पार्किंग और डायवर्जन व्यवस्था जारी कर दी है।

**इन मार्गों से होगी बसों की आवाजाही और पार्किंग** - इंदौर, खंडवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर की ओर से आने वाली सभी बसें खजूरी रोड, बकानिया डिपो, मुबारकपुर, लांबाखेड़ा, चोपड़ा कला, पटेल नगर बायपास होते हुए आनंद नगर से जंबूरी मैदान पहुंचेंगी और पार्किंग स्थल में पार्क की जाएंगी।



राजगढ़ (ब्यावरा), गुना, अशोकनगर से आने वाली बसें मुबारकपुर जोड़, लांबाखेड़ा जोड़, चोपड़ा कला जोड़ होते हुए पटेल नगर बायपास, आनंद नगर से जंबूरी मैदान जाएंगी।

सागर, रायसेन, विदिशा से आने वाले वाहन पटेल नगर चौराहा, आनंद नगर होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल से आने वाली बसें 11 मील, मिसरोद रोड, आरआरएल तिराहा, एम्स, बरखेड़ा पठानी होकर सेंट जेवियर के पीछे पार्क होंगी।

जबलपुर, नरसिंहपुर से आने वाली बसें 11 मील, खजूरी कला जोड़ से एसओएस रोड होते हुए जंबूरी मैदान पहुंचेंगी।

भोपाल शहर से आने वाली बसें प्रभात चौराहा, आईटीआई तिराहा, पिपलानी पेट्रोल पंप होते हुए एनसीसी ग्राउंड और भेल दशहरा मैदान में पार्क की जाएंगी।

गांव में पसर गया मातम, दो की हालत गंभीर

# अचानक बदला मौसम और एक ही परिवार के तीन की मौके पर मौत

संवाददाता ● रीवा

हादसा

मध्य प्रदेश के रीवा में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। दरअसल, दोपहर के बाद अचानक मौसम बदला। दोपहर तक धूप खिली थी उसके बाद अचानक मौसम बदला और तेज हवाएं और हल्की बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और तीन लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।



दरअसल, मामला रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर मैना शक्ति गांव का है। यहां गुरुवार को दोपहर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। जानकारी एक ही परिवार के रहने वाले तीन लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। मरने वालों में एक पुरुष, एक महिला और 8 वर्षीय मासूम बच्चा शामिल है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सेमरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल गांव में मातम पसरा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया है। वहीं दूसरी तरफ एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर के बाद तेज हवाएं चली और हल्की बारिश हुई इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी। मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। नौतपा में इस बार भीषण गर्मी की जगह बारिश का माहौल है। हालांकि कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 31 मई, 2025
www.adityabharat.com



# 500 साल पुराने वो बोल, जिसने गानों में गढ़ी प्रेम की परिभाषा

## सोनम कपूर ने पाकिस्तानी हीरो के साथ किया था रोमांस



प्रेम का पर्याय बनीं मीरा के कई भजन आज 500 साल बाद भी लोगों के जहन में बसे हुए हैं। प्रेम की ऐसी परिभाषा मीरा ने इस संसार को दी कि आज भी उसके केवल चेहरे बदले हैं लेकिन आत्मा वही है। ऐसा ही एक 500 साल पुराना भजन मीरा की कलम से फूटा था जो आज भी बॉलीवुड फिल्मों में गानों की शक्ल में फिल्माया जाता है। बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर की साल 2014 में आई फिल्म 'खूबसूरत' का एक गाना आज भी लोगों के जहन में बसता है। इस गाने के बोल हैं 'जो मैं जानती, प्रीत करे दुख होये, नगर ढिंढोरा पीटती कि प्रीत न करियो कोये।' खूबसूरत फिल्म में फिल्माया गया ये गाना खूब पसंद किया गया था। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि मीरा की कलम से फूटे गानों में से ये गाना प्रेम की परिभाषाओं बीते 500 साल से गढ़ रहा है। सोनम कपूर ने इस फिल्म में पाकिस्तानी हीरो फवाद खान के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया था। हालांकि ये इकलौती फिल्म नहीं है जिसमें मीरा का ये गाना लिया गया हो। इस दुनिया में लोग चले जाते हैं और केवल अपने कर्मों के धागों से बनीं कहानियां छोड़ जाते हैं। आखिर में केवल इस दुनिया में निरंतर चलता है प्रेम और उनकी कहानियां। 15वीं सदी में राजस्थान में जन्मी मीरा ने अपनी कलम से प्रेम की ऐसी परिभाषाएं दीं जिन्होंने समय के फेर को बदल दिया और आज भी लोगों को वर्तमान की बात लगती है। मीरा के इन गानों में ऐसा दर्द है कि जिस पर भी गुजरा उसने अंदर तक महसूस किया। इस गाने में मीरा ये समझाने की कोशिश करती हैं कि अगर 'मैं जानती कि प्रेम करने से इतना दुख होने वाला है, तो मैं पूरे नगर में ढिंढोरा पिटवा देती कि प्रेम कोई न करे।' मीरा के इस गाने को बॉलीवुड की कई फिल्मों में सीधे तौर पर इस्तेमाल किया गया है। साल 1952 में रिलीज हुई फिल्म 'बैजी बावरा' में भी इस गाने को 'प्रीत किए दुख होए' को फिल्माया गया था। जिसे काफी पसंद भी किया गया और आज भी इस गाने को सुना जाता है। बता दें कि मीरा का ये गाना प्रेम का पर्याय बन गया है। जैसे प्रेम करने के बाद इंसान को दुख का अनुभव भी साथ आता है वैसे ही ये गाना दिल को दिलासा देने के लिए चला आता है।

# विराट के अंदाज पर झूम उठी अनुष्का, वायरल हो रहा दोनों का ये क्यूट मोमेंट



विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। गुरुवार को हुए मुकाबले में आरसीबी ने पंजाब की टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की। आरसीबी की जीत का जश्न भी दर्शकों समेत सभी खिलाड़ियों ने मनाया। वहीं स्टेडियम में मौजूद अनुष्का शर्मा भी अपने पति की टीम की जीत पर खुशी से उछल पड़ीं। इतना ही नहीं अनुष्का ने यहां अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट भी किया है जिसके कुछ खास पल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बेहद अहम क्वालीफायर 1 में आरसीबी ने प्रीति जिंटा की पंजाब किंग्स को सिर्फ 101 रनों पर रोककर और आसानी से लक्ष्य का पीछा करते हुए हरा दिया। स्टैंड से अनुष्का की जश्न मनाने वाली प्रतिक्रिया के बारे में इंटरनेट पर चर्चा बंद नहीं हो रही है। एक शानदार सफेद शर्ट पहने, वह खड़ी हो गईं, ताली बजाई और गर्व से मुस्कुराईं, क्योंकि कोहली की टीम ने जीत हासिल की। एक फ्रेम जो अब सोशल मीडिया पर छा गया है, उसमें अनुष्का हंसती हुई और अपने बगल में एक दोस्त को गले लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। एक और पल जिसने दिल पिघला दिया, विराट कोहली ने स्टैंड की तरफ देखा और अनुष्का की तरफ एक उंगली उठाई। प्रशंसकों का मानना है कि यह इशारा उनका यह कहने का तरीका था कि 'बस एक और जीत बाकी है' इससे पहले कि वे लंबे समय से दूर आईपीएल ट्रॉफी उठा सकें। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक यूजर ने लिखा, 'आरसीबी के फाइनल में पहुंचने पर अनुष्का शर्मा की खुशी।' एक अन्य प्रशंसक ने कहा, 'विराट कोहली अनुष्का शर्मा से कह रहे हैं कि हम आईपीएल ट्रॉफी से एक और जीत दूर हैं।' मैदान पर कोहली का जुनून और मैदान के बाहर अनुष्का का अटूट समर्थन हमेशा से प्रशंसकों के लिए एक आकर्षण रहा है, और गुरुवार की रात भी कुछ अलग नहीं थी। हालांकि अनुष्का पिछले कुछ समय से लोगों की नजरों से दूर हैं, खासकर अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद- लेकिन इस दुर्लभ उपस्थिति ने प्रशंसकों के उत्साह को फिर से जगा दिया। काम के मोर्चे पर वह क्रिकेट लीजेंड झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकदा एक्सप्रेस के साथ वापसी के लिए तैयार हैं। अनुष्का द्वारा खुद निर्मित इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है, लेकिन इसकी रिलीज़ की तारीख अभी भी गुप्त रखी गई है।

## माधुरी दीक्षित को अश्लील स्टेप के लिए मिला अवॉर्ड पोस्ट को जाह्नवी ने किया लाइक, हो गया बवाल

जाह्नवी कपूर एक पोस्ट को लाइक करने की वजह से चर्चा में आ गई हैं। एक्ट्रेस ने एक ऐसे पोस्ट को लाइक कर दिया है जिसके बाद यूजर्स के कई कमेंट्स भी आ रहे हैं। दरअसल, उन्होंने जिस पोस्ट को लाइक किया है वह माधुरी दीक्षित और उनकी दिवंगत मां श्रीदेवी से जुड़ा है। लेकिन उसमें जो लिखा है उसे पढ़कर अगर जाह्नवी ने उस पोस्ट को लाइक किया है तो कई कमेंट कर रहे हैं कि जल्द जाह्नवी भी कहेंगी कि इंस्टाग्राम एल्गोरिदम की वजह से ऐसा हुआ है। वीडियो में एक तरफ माधुरी का फिल्म बेटा से धक-धक गाने का विजुअल चल रहा है। वहीं दूसरी साइड श्रीदेवी की फिल्म खुदागवाह से उनका एक सीन दिख रहा है। इस पोस्ट में लिखा हया है कि माधुरी को इस वल्गर स्टेप करने के लिए फिल्मफेयर का बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला था। वहीं श्रीदेवी ने डबल रोल में शानदार परफॉर्मेंस दी थी फिर भी इग्नोर किया गया। इस पोस्ट पर तब सबका ध्यान ज्यादा गया जब उसमें जाह्नवी का लाइक दिखा। जाह्नवी के लाइक का स्क्रीनशॉट रेड्डिट पर वायरल हो रहा है। वहीं एक यूजर ने लिखा कि अब जाह्नवी भी एल्गोरिदम की स्टोरी लेकर आ जाएंगी। वहीं किसी ने लिखा कि विराट कोहली और तमन्ना भाटिया के बाद अब जाह्नवी भी कहेंगी कि ये एक्सीडेंटली लाइक हो गया था। खैर जाह्नवी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह कई प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं ।



## अनन्या पांडे के हैंडसम हंक एक्स को डेट कर रहीं सारा अली खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में सारा अली खान के साथ अली फजल और आदित्य रॉय कपूर जैसे हीरो भी स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। ऐसे में प्रमोशन के दौरान अनन्या पांडे के एक्स बॉयफ्रेंड रहे आदित्य रॉय कपूर के साथ सारा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें सारा अली खान हंसते हुए आदित्य रॉय कपूर से बात कर रही हैं। दोनों की इस कैमिस्ट्री को देख फैन्स का भी दिल पिघल गया है। साथ ही दोनों की कैमिस्ट्री की तारीफ करते हुए उन्हें संभावित कपल भी कहा है। दरअसल ये वायरल वीडियो फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' के प्रमोशन का है। जब सारा अली खान अपनी फिल्म के लिए किसी प्रोग्राम में पहुंची थीं। यहां सारा के बगल में आदित्य कपूर भी बैठे हैं। दोनों हंसकर बातें कर रहे हैं। ऐसे में दोनों का एक वीडियो कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वायरल वीडियो को देख फैन्स भी उत्साहित हो गए और दोनों को एक अच्छा कपल भी बता दिया। हालांकि दोनों इन दिनों अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। बता दें कि आदित्य रॉय कपूर अपने पिछले ब्रेकअप के बाद सुर्खियां बटोरते रहे थे। आदित्य रॉय कपूर ने कुछ समय तक अनन्या पांडे को डेट किया था। दोनों का रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चला और दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए। दोनों ने ब्रेकअप के पीछे की एक कॉमन वजह भी बताई थी। बता दें कि 'मैट्रो इन दिनों' फिल्म 4 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार है। साल 2007 में आई शानदार फिल्म 'लाइफ इन अ मैट्रो' के डायरेक्टर अनुराग बसु ने ही इसे बनाया है। अनुराग की फिल्म 'लाइफ इन अ मैट्रो' एक बेहतरीन लवस्टोरीज से सजी कहानी थी। जिसमें महानगरों में रहने वाले लोगों के निजी संबंधों पर प्रकाश डाला गया था। अब फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' की कहानी भी बड़े शहरों में रह रहे लोगों के संबंधों को दिखाएगी।

# शैतान की दुनिया में काजोल की एंट्री

## खुद अजय देवगन ने किया हॉरर फिल्म में कास्ट



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल का नाम इंडस्ट्री की उन चुनिंदा एक्ट्रेस लिस्ट में शामिल किया जाता है, जो हर किरदार को बेहतरीन ढंग से निभाती हैं। हिंदी फिल्मों में उन्होंने कई एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। काफी समय से फिल्मों से दूर रहने के बाद अब वो हॉरर फिल्म के साथ वापसी कर रही हैं। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म 'मां' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। मूवी का ट्रेलर आज लॉन्च हो गया है, जो काफी डरावना लग रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल उनके पति और एक्टर अजय देवगन की शैतान फिल्म रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसी शैतान की दुनिया में काजोल की एंट्री हो गई हैं। बताया जा रहा है कि ये फिल्म अजय देवगन और आर।माधनव की फिल्म 'शैतान' से भी खतरनाक होने वाली है। वहीं फिल्म 'मां' के ट्रेलर की बात की जाए तो इसमें कई रूह कंपाने वाली सीन्स हैं। पूरे ट्रेलर में सस्पेंस देखने को मिल रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द रहने वाली है, जिसमें एक राक्षक रहता है। उस जगह कोई आता-जाता नहीं, और वो खासकर लड़कियों के लिए काफी बुरा होता है। काजोल इसी राक्षक से अपनी बेटी को बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाती हैं। वहीं जब मां के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में काजोल से पूछा गया कि क्या उनको कभी हॉरर फिल्में ऑफर हुई थी? इस सवाल पर काजोल ने बड़ा मजेदार जवाब देते हुए कहा कि 'नहीं उन्हें किसी ने कभी हॉरर फिल्म के लिए अप्रोच नहीं किया था। जब वहां मौजूद लोगों में से किसी ने कहा कि पति अजय देवगन ने ऑफर की? इस पर काजोल का जवाब था- हां, कास्टिंग इन्हीं के हाउस में हो रही थी।

# दीपिका पादुकोण को मिला अजय-काजोल का साथ

## डायरेक्टर वांगा का नाम लिए बिना साधा निशाना



दीपिका पादुकोण इन दिनों डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा से मतभेदों को लेकर चर्चा में हैं। जब से उन्होंने 'स्पिरिट' फिल्म से बैक-आउट किया है, उनके लेकर कई बातें कही जा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने संदीप रेड्डी से मोटी फीस के साथ-साथ 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड की थी। अब इसे लेकर इंडस्ट्री में भी चर्चा हो रही है, वहीं इस पर काजोल और अजय देवगन ने भी रिएक्ट किया है। बता दें कि काम करने वाली मदर्स के लिए 8 घंटे शिफ्ट की बहस पर अजय देवगन और काजोल ने दीपिका पादुकोण का खुला सपोर्ट किया है। दरअसल 'मां' के ट्रेलर लॉन्च पर एक्ट्रेस और उनके पति अजय देवगन से पूछा गया कि क्या मां के लिए 8 घंटे काम करने की मांग जायज है, तो काजल ने जवाब दिया कि 'ठीक है, मुझे यह पसंद है कि आप कम काम कर सकते हैं और।।।! इतना जवाब देने के बाद अजय देवगन ने बीच में काजोल को रोक दिया। अजय देवगन ने पत्नी और एक्ट्रेस काजोल को बीच में रोकते हुए माफी मांगी और कहा।। 'ऐसा नहीं है कि यह लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। बहुत से लोग अब इसे समझ रहे हैं। मैं कहूंगा कि इंडस्ट्री के ईमानदार फिल्ममेकर्स को इससे कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा एक मां होने और 8 घंटे काम करने के कारण, ज्यादातर लोग 8-9 घंटे की शिफ्ट करने लगे हैं। ये पर्सन टू पर्सन डिपेंड करता है। इंडस्ट्री के ज्यादातर लोग इसे समझते हैं।' 'स्पिरिट' फिल्म से दीपिका बाहर होने के बाद संदीप पर तीखा पलटवार किया था। वांगा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए दीपिका पर 'गंदे पीआर गेम्स' खेलने का आरोप लगाया। साथ ही अपनी फिल्म की कुछ कहानी भी रिवील करने का आरोप लगाया।



## सोनाक्षी की सस्पेंस थ्रिलर सिनेमा में देगी दस्तक

हॉरर और रोमांटिक फिल्मों के बाद अब सोनाक्षी सिन्हा एक थ्रिलर ड्रामा लेकर आ रही हैं जो आज यानी 30 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। यह फिल्म है निकिता रॉय जिसका निर्देशन कोई और नहीं बल्कि सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा कर रहे हैं। निकिता रॉय एक साइकोलॉजिकल सस्पेंस थ्रिलर मूवी है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा मुख्य भूमिका में हैं। वही निकिता का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। पिछले महीने यानी अप्रैल में अनाउंस किया गया था कि यह थ्रिलर ड्रामा 30 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट टाल दी गई है। जी हां, निकिता रॉय को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। हाल ही में, सोनाक्षी सिन्हा ने एक पोस्ट के जरिए फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म का पोस्टर शेय किया है जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'अपने कैलेंडर को मार्क कर लो। हमारी रोमांचक थ्रिलर 'निकिता रॉय' की अब नई रिलीज डेट आ गई है।' सोनाक्षी सिन्हा के अलावा निकिता रॉय में परेश रावल अर्जुन रामपाल और सुहैल नैय्यर अहम भूमिका में हैं। कुश सिन्हा फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जबकि इसे निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। निकिता रॉय के अलावा जून में ही उनकी आगामी फिल्म हरी हरा वीरा मल्लू पार्ट 1 में भ नजर आएंगी। यह एक तेलुगु ऐतिहासिक एक्शन एडवेंचर ड्रामा है, जिसमें पवन कल्याण अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 12 जून को रिलीज होगी। इसके बाद वह सुधीर बाबू स्टारर मूवी जटाधारा में भी नजर आएंगी।

# 'शाहरुख को थप्पड़ मारना मेरे करियर का शर्मनाक पल'


## प्रिया गिल ने सुनाया फिल्म जोश का किस्सा बोलीं- सेट पर एकदम सन्नाटा पसर गया



फिल्म जोश में शाहरुख खान के अपोजिट नजर आने वाली एक्ट्रेस प्रिया गिल का एक पुराना इंटरव्यू सुर्खियों में है। इसमें वो शाहरुख के साथ काम करने का अपना अनुभव बता रही हैं। साथ ही फिल्म के उस सीन का भी जिक्र किया, जिसमें उन्हें शाहरुख खान को थप्पड़ जड़ा था। लेहरन पॉडकास्ट को दिए एक इंटरव्यू में प्रिया मानती हैं कि उनके पूरे फिल्मी करियर में सबसे शर्मनाक काम, शाहरुख खान को थप्पड़ मारना था। एक्ट्रेस उस पल के बारे में बात करते हुए कहती हैं- 'मुझे गाने की शुरुआत में उन्हें थप्पड़ मारना था। हम गोवा में इस सीन को बार-बार कर रहे थे और मंसूर मुझसे कह रहे थे कि प्रिया, यह सही से नहीं हो रहा कि लड़की उस पर गुस्सा हो जाए। मैंने कहा, ठीक है और मैं कोशिश करती रही। शाहरुख ने भी कहा मुझे मारो। मुझे उन्हें मुक्का मारना पड़ा। मैं खुद को रोक नहीं सकी। हे भगवान, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगी।' प्रिया बताती हैं कि शाहरुख खान को थप्पड़ मारने के बाद सेट पर पूरी तरह सन्नाटा छा गया था, क्योंकि किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि आखिर हुआ क्या था। वो कहती हैं- 'मुझे लगता है कि वहां पूरी तरह से सन्नाटा था। हर कोई चुपचाप था, बस कैमरा चलता रहा। मुझे लगता है कि डायरेक्टर रिएक्शन देखकर कट कहना भूल गए।' मुझे याद है कि कैमरामैन केवी ने मुझसे कहा था, 'लड़कियां तुमसे नफरत करने लगेंगी, क्योंकि तुमने शाहरुख को मारा है।'हालांकि, शाहरुख इस बारे में बहुत स्वीट रहे, क्योंकि इसके बाद वो मुझे समझा रहे थे कि इसे सही तरीके से कैसे किया जाना चाहिए और मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं। प्रिया गिल की करियर की बात करें तो एक्ट्रेस ने प्रिया गिल के करियर की बात करें तो उन्होंने 'तेरे-मेरे सपने' से करियर की शुरुआत की थी। वो हिंदी के अलावा प्रिया ने तमिल, तेलुगु, पंजाबी, मलयालम और भोजपुरी सिनेमा में काम किया है। आखिरी बार साल 2006 में फिल्म 'भैरवी' में नजर आई थीं।

# रेचल गुप्ता ने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का लौटाया ताज

## रोते हुए बोलीं- मुझे जगह-जगह छूकर बताया- यहां से घटाओ वजन



मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय और जालंधर की रहने वाली 20 वर्षीय मॉडल रेचल गुप्ता ने अपना ताज लौटा दिया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर 56 मिनट का भावुक वीडियो पोस्ट किया है और रोते हुए संगठन पर 'टौक्सिक वातावरण, वादा खिलाफी और दुर्व्यवहार' जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। रेचल ने अक्टूबर 2024 में बैंकॉक में आयोजित प्रतियोगिता में यह खिताब जीता था। इससे पहले, अगस्त 2024 में जयपुर में आयोजित मिस ग्रैंड इंडिया 2024 प्रतियोगिता में विजेता बनकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया था। बुधवार रात को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक भावुक संदेश में रेचल ने लिखा- यह निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन मेरे लिए सही था। मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए गर्व और आशा से भरकर यह यात्रा शुरू की थी, लेकिन इसके बाद के महीनों में मुझे चुप्पी, अनादर और उपेक्षा का सामना करना पड़ा।' रेचल बुधवार-गुरुवार की आधी रात को एक 56 मिनट का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें उन्होंने अपने सात महीने के अनुभवों को साझा किया। रेचल ने आरोप लगाते हुए कहा, 'जीतने के लिए वोट चाहिए, जिसके लिए देश डोनेशन के रूप में पैसे देते हैं। जब उन्हें पता चला तो उनके पास पैसे ही नहीं थे इसलिए उन्होंने बिना पैसों के ही कॉन्टेस्ट में भाग लिया और वह पब्लिक सपोर्ट के चलते जीतीं। जिस तरह से मिस ग्रैंड इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन महिलाओं के साथ बर्ताव करती है, उसके चलते उनके साथ काम करना संभव ही नहीं है। उन्हें बस पैसे से मतलब है। रेचल ने कहा कि उन्हें वजन को लेकर परेशान किया जाता था।

## 'अगर आरसीबी नहीं जीती तो पति को तलाक दूंगी'

# बेंगलुरु की जीत पर टिका महिला का संसार? चौंकाने वाली प्रतिज्ञा






एजेंसी ● मुल्लांपुर

मुल्लांपुर में गुरुवार को आईपीएल 2025 का क्वालिफायर-1 मैच खेला गया। इस मुकाबले में एक महिला ने आरसीबी को खास मैसेज दिया। उसने एक प्लेकार्ड पर लिखा- 'आरसीबी अगर फाइनल नहीं जीती तो मैं अपने पति को तलाक दूंगी।' अब इस महिला की प्रतिज्ञा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पंजाब को हराकर आरसीबी फाइनल में पहुंच गई है लेकिन अभी दूसरी फाइनलिस्ट का इंतजार है।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम 18 साल में चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम ने 2009, 2011 और 2016 में खिताबी मैच खेला था। अब आरसीबी खिताब की जीत से सिर्फ एक कदम दूर है। इससे पहले एक महिला का रिएक्शन काफी वायरल हो रहा है जिसमें उसने पति से तलाक लेने की बात की है।दरअसल, मुल्लांपुर में गुरुवार को आईपीएल 2025 का क्वालिफायर-1 मैच खेला गया। इस मुकाबले में एक महिला ने आरसीबी को खास मैसेज दिया। उसने एक प्लेकार्ड पर लिखा- 'आरसीबी अगर फाइनल नहीं जीती तो मैं अपने पति को तलाक दूंगी।' अब इस महिला की प्रतिज्ञा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पंजाब को हराकर आरसीबी फाइनल में पहुंच गई है लेकिन अभी दूसरी फाइनलिस्ट का इंतजार है। आज गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में हारने वाली टीम का सफर समाप्त हो जाएगा। वहीं, जीतने वाली टीम पंजाब के खिलाफ क्वालिफायर-2 मैच खेलेगी। एक जून को अहमदाबाद में खेले जाने वाले मैच से दूसरी फाइनलिस्ट का फैसला होगा।

आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल के फाइनल में पहुंचने का अपना नौ साल का सूखा समाप्त कर दिया है। आरसीबी आखिरी बार 2016 में खिताबी मुकाबले में पहुंची थी और तब से वह खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए संघर्ष कर रही थी। पिछले सीजन आरसीबी का सफर एलिमिनेटर में ही समाप्त हो गया था, लेकिन इस बार टीम के पास खिताब जीतने का सुनहरा मौका है।

# बिहार के 14 वर्षीय स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिले पीएम मोदी

एजेंसी ● पटना

14 वर्षीय वैभव ने इस सीजन आईपीएल में तहलका मचाया था। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक लगाकर सबका ध्यान खींचा था। अब पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की है और उनकी जमकर तारीफ की है।बिहार दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई। वैभव के साथ के माता पिता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने खुद वैभव और उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं।

14 वर्षीय वैभव ने इस सीजन आईपीएल में तहलका मचा दिया था। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक लगाकर सबका ध्यान खींचा था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने थे। उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा था।पीएम मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है! उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' वैभव ने पीएम मोदी के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।



बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और सात चौके लगाए थे। वैभव ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आईपीएल डेब्यू किया था। वैभव ने अपनी आईपीएल करियर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर का सामना किया था और पहली गेंद पर छक्का लगाकर बता दिया कि उनमें कितनी प्रतिभा है। पहले ही आईपीएल मैच में 20 गेंदों में 34 रन की पारी वैभव की प्रतिभा की बानगी पेश की। हालांकि, वैभव के लिए आईपीएल तक का सफर आसान नहीं रहा है। उन्हें और उनके परिवार को काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा है। यहां तक कि उनके पिता ने उनके क्रिकेट करियर के लिए जमीन तक बेच दी थी। वैभव की उम्र पर भी सवाल उठे, लेकिन इस युवा ने मजबूती और दृढ़संकल्प से सभी को अपना लोहा मनवाया। पिछले साल जेद्दा आईपीएल की मेगा नीलामी के दौरान वैभव ही चौंकाने वाले खिलाड़ी रहे थे। तब 13 साल की उम्र के उस खिलाड़ी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था।

27 मार्च 2011 को बिहार में जन्मे वैभव नीलामी में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। हालांकि, नीलामी में इस युवा क्रिकेटर के करोड़पति बनते ही विवाद शुरू हो गया। उनकी उम्र को लेकर सवाल खड़े किए गए।हालांकि, वैभव के पिता टस से मस न हुए और आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी से नहीं डरते और जो भी जानकारी दी गई है, वह सही है। समस्तीपुर से 15 किलोमीटर दूर मोतीपुर गांव में खेती योग्य जमीन को बेचने वाले संजीव के पास नीलामी में बेटे के करोड़पति बनने के बाद कोई शब्द नहीं था। संजीव ने तब कहा था कि वैभव अब उनका बेटा नहीं बल्कि पूरे बिहार का बेटा है। संजीव के मुताबिक उनके बेटे ने आठ वर्ष की उम्र में ही कठिन मेहनत की और जिले के अंडर-16 ट्रायल में सफलता हासिल की। वैभव की उम्र संबंधी विवादों पर संजीव ने कहा था कि जब वह साढ़े आठ साल के थे तो बीसीसीआई की ओर से उसकी हड्डियों का टेस्ट हुआ था। वह कहते हैं कि उन्हें उम्र को लेकर किसी का डर नहीं है।

## पंजाब के गेंदबाजी कोच ने आरसीबी से हार के बाद टीम को किया आगाह, बोले- खुद पर संदेह करने से बचें

एजेंसी ● मुल्लांपुर

आईपीएल 2025 के पहले क्वालिफायर में खराब प्रदर्शन के बावजूद 11 साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले खुद पर संदेह करने से बचें।पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा।टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालिफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा।

होप्स ने इस करारी शिकस्त के बाद कहा, 'हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे।' उन्होंने कहा, 'हमने शुरूआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद



लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। हमें शुक्रवार को यात्रा करनी है और रविवार को एक और मैच खेलना है और अब हम इसे कठिन तर-ीके से करने जा रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम मंगलवार रात (फाइनल) को फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे।' तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाया जिससे टीम 101 रन पर आउट हो गई। चोट से वापसी कर रहे जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लेकर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया।

होप्स ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने बल्ले से बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन अब हमारे पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। हमने दूसरा मौका पाने का अधिकार हासिल करने के लिए दो महीने से कुछ अधिक समय तक काम किया है और उम्मीद है कि हम इस मौके का फायदा उठाएंगे।' उन्होंने कहा कि टीम को अहमदाबाद की पिच रास आएगी। होप्स ने कहा, 'ऐतिहासिक रूप से यह (अहमदाबाद) बल्लेबाजी के लिए एक बहुत अच्छी पिच है और हम जानते हैं कि हमें काफी मेहनत करनी होगी और काफी तेजी से रन बनाने होंगे।'

# इंग्लैंड की बैजबॉल शैली पर जसप्रीत बुमराह ने रखी राय, बोले- दिलचस्प, लेकिन मुझे समझ में नहीं आता

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें इंग्लैंड की बैजबॉल शैली समझ नहीं आती है। बुमराह का मानना है कि इससे विपक्षी टीमों को विकेट लेने के मौके मिलते हैं। इंग्लैंड की टीम मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नेतृत्व में 2022 से टेस्ट में बैजबॉल शैली के तहत खेल रही है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है।

इंग्लैंड ने जून 2022 से टेस्ट में 4.63 रन प्रति ओवर बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले बुमराह ने बैजबॉल शैली को दिलचस्प बताया, लेकिन साथ ही कहा कि वह इसे नहीं समझ पाए। बुमराह ने माइकल क्लार्क के साथ पॉडकास्ट में कहा, इंग्लैंड में खेलना हमेशा एक अलग चुनौती होती है, मुझे हमेशा ड्यूक्स बॉल से गेंदबाजी करना पसंद है। मौसम, कभी-कभी स्विंग की स्थिति और फिर जब गेंद सॉफ्ट हो जाती है, तो हमेशा एक चुनौती होती है। इसलिए मैं हमेशा इंग्लैंड में खेलने के लिए उत्सुक रहता हूं।

जाहिर है कि वे क्रिकेट की एक अलग शैली से खेल रहे हैं, जो एक दिलचस्प शैली है क्योंकि मैं वास्तव में इसे बहुत ज्यादा नहीं समझता। लेकिन एक गेंदबाजी इकाई के रूप में, हम हमेशा आश्वस्त रहते हैं कि जब बल्लेबाज किसी दिन अत्यधिक आक्रामक होते हैं, तो कोई भी रन बना सकता है और विकेट ले सकता है।बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में खेलने की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि लंबे समय तक तीनों प्रारूपों में खेलने में कठिनाई होती है और कहा कि उन्हें भी किसी समय चयन करना ही होगा।

बुमराह ने कहा, निश्चित रूप से किसी भी खिलाड़ी के लिए इतने लंबे समय तक सभी प्रारूपों में खेलना मुश्किल है। मैं कुछ समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन आपको यह समझना होगा कि आपका शरीर कैसा कर रहा है और कौन सा टूनार्मेंट महत्वपूर्ण है। आपको चयन करना होगा और आपको अपने शरीर के इस्तेमाल के तरीके के बारे में थोड़ा समझदार होना होगा। बतौर क्रिकेटर मैं कभी भी कुछ छोड़ना नहीं चाहूंगा और हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहूंगा।

बुमराह ने 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा को खुद के लिए प्रेरणा करार दिया। बुमराह ने कहा, अब तक की यात्रा अच्छी चल रही है। जिस दिन मुझे लगेगा कि जोश खत्म हो गया है या प्रयास नहीं कर पा रहा हूं तो आप उस समय ही फैसला करते हैं। ओलंपिक में क्रिकेट शामिल है इसलिए मैं इसके लिए उत्साहित हूं। किसने सोचा होगा कि क्रिकेट एक ओलंपिक खेल होगा? इसलिए यह मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है।



इंडियाना पेसर्स फॉरवर्ड पास्कल सियाकम (43) ने न्यूयॉर्क में एनबीए बास्केटबॉल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल के गेम 5 के तीसरे क्वार्टर के दौरान न्यूयॉर्क निक्स फॉरवर्ड प्रेशियस अचिउवा (5) और फॉरवर्ड मिकाल ब्रिजेस (25) के खिलाफ शॉट लगाया।

# 'फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे कोहली...', डिविलियर्स की भविष्यवाणी, कहा- अतीत को भूल जाते हैं

एजेंसी ● मुल्लांपुर

मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा।आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फाइनल में पहुंचने से एबी डिविलियर्स बेहद खुश हैं। उन्होंने विराट कोहली और इस टीम की जमकर तारीफ की है।

आरसीबी ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को क्वालिफायर एक में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना है कि टीम मैन कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए आरसीबी को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। आरसीबी के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा। डिविलियर्स ने कहा, 'इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनका बॉडी लैंग्वेज सकारात्मक दिख रहा था। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गए हैं। वह इस मैच में रन नहीं बना पाए, लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा।'



उन्होंने कहा, 'वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है।

उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा।' आरसीबी 2008 में आठ फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरूआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था। हर कोई 2016 सत्र के बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में ( 2025)। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है। उम्मीद है कि तीन जून को मैच के छोटे छोटे लम्हें आरसीबी के पक्ष में जायेंगे। मुझे नीलामी के समय ही लगा था कि आरसीबी ने इस साल सही संतुलन बनाया है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी विविधता है।'

## रिकी पोंटिंग को उम्मीद, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करेंगे अर्शदीप सिंह; चयनकताओं को दी सलाह

एजेंसी ● नई दिल्ली

भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में जगह दी गई है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईपीएल में पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि अर्शदीप इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेब्यू करने में सफल रहेंगे।

अर्शदीप को पहली बार टेस्ट टीम में जगह दी गई है। अब तक वह भारत के लिए सीमित ओवर प्रारूप में ही खेलते दिखे हैं और माना जा रहा है कि अर्शदीप को इंग्लैंड के खिलाफ प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स में अर्शदीप के प्रदर्शन को करीब से देखने के बाद पोंटिंग को लगता है कि चयनकताओं ने जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी आक्रमण में बाएं हाथ के इस गेंदबाज को शामिल करके सही फैसला लिया है।पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि अर्शदीप खेलेगा। वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में खेलेगा।

मुझे लगता है कि बुमराह और सिराज से साथ इंग्लैंड में बाएं हाथ के विकल्प का होना शानदार होगा। इंग्लैंड की परिस्थितियों को देखें तो अर्शदीप जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं, वह किसी भी अन्य गेंदबाज की तरह ही सीम को बेहतर तरीके इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने उसे टीम में चुना है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड पहला टेस्ट खेल सकता है और वह किसी को निराश नहीं करेगा। मुझे लगता है कि उसके लिए भी यह सही समय है। टेस्ट मैचों में भारत के लिए वह एक शानदार चयन होगा।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 31 मई, 2025
www.adityabharat.com





गर्मी के बीच फुटबॉल और मस्ती... वाराणसी में गंगा नदी पर बने सिंधिया घाट पर बच्चे फुटबॉल का आनंद लेते हुए, इस दौरान मस्ती के साथ साथ गर्मी से राहत भी मिल रही है।

## शॉट न्यूज

### द. कोरिया का नेवी एयरक्राफ्ट क्रैश, मौत

**पोहांग**। दक्षिण कोरिया में एक और भीषण विमान हादसा हो गया। यहां नौसेना का एक गश्ती विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद देश के दक्षिणी शहर पोहांग में एक सैन्य अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना ने बताया है कि इस हादसे में चालक दल के सभी चार सदस्यों की मौत हो गई है। देश की नौसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि पी-3 विमान दोपहर करीब दो बजे ट्रेनिंग मिशन पर गश्ती पर रवाना होने के लगभग छह मिनट बाद ही नीचे गिर गया। देश की एक न्यूज चैनल पर दिखाए गए एक वीडियो में विमान के क्रैश होने की पूरी घटना कैद हो गई है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि मरने वालों में दो अधिकारी और दो गैर-कमीशन अधिकारी शामिल हैं। क्रैश के बाद इलाके में खलबली मच गई। हालांकि जमीन पर किसी नागरिक के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं पोहांग में एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय लोगों से रिपोर्ट मिलने के बाद बचाव कर्मियों और दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया था।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, पांच मजदूरों की मौत

मुक्तसर। पंजाब के मुक्तसर में कल देर रात पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया। पांच मजदूरों की मौत हो गई, जबकि अभी कई मलबे में दबे हुए हैं। बचाव एवं राहत कार्य जारी है। घायलों को बठिंडा एम्स में भेजा गया है। फैक्ट्री में कुल 40 लोग काम करते थे। घटना सिंघेवाला गांव में रात 1130 बजे हुई। यहां काम करने वाले मजदूर ने बताया कि 'हम रात की शिफ्ट के बाद सो रहे थे, तभी अचानक धमाका हुआ और कई लोग मलबे के नीचे दब गए। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री की इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। लंबी के डीएसपी जसपाल सिंह ने बताया कि अब तक मलबे से चार शव निकाले जा चुके हैं। 27 घायलों को बठिंडा स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री वैध थी। लाइसेंस भी है। फैक्ट्री रिहायशी इलाके से दूर खेतों में बनाई गई थी। कारणों की जांच की जा रही है।

### कराची एयरपोर्ट पर अव्यवस्था को लेकर भड़की पाक अभिनेत्री

# पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे लोग, पानी दें : हिना बयात

**कराची ● एजेंसी**

पाकिस्तान में भारत संग तनावपूर्ण रिश्तों का असर अब बड़े पैमाने पर और आम जनमानस पर दिखने लगा है। वहां का बुनियादी ढांचा अब ढहने लगा है। इसकी बानगी देखने को मिली कराची स्थित जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर, जहां मुसाफिरों को एक-एक बूंद पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है। वहां बाथरूम में पानी की सप्लाई ठप हो गई है। पाकिस्तान की मशहूर अभिनेत्री हिना ख्वाजा बयात ने कराची के जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पानी की भारी किल्लत के लिए अधिकारियों को आड़े हाथों लिया है। गुरुवार को कराची एयरपोर्ट से पोस्ट किए गए एक वीडियो में हिना ख्वाजा बयात ने कराची के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी पर अपनी निराशा और खीझ जाहिर की। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए, एयरपोर्ट के शौचालयों में पानी तक मयस्सर नहीं है। बयात ने आगे कहा, लोग वज़ू करना चाह रहे हैं, नमाज़ पढ़ना चाह रहे हैं, अपने बच्चों को वॉशरूम ले जाना चाह रहे हैं लेकिन वहां पानी ही नहीं है। यह शर्मनाक हालत है।

**निराशा**



### बदइंतजामी पर झलका पाक अभिनेत्री का दर्द

पाक अभिनेत्री ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार बड़े-बड़े वादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य मुद्दों को अनदेखा कर रही है। उन्होंने पूछा, हर कोई बड़ी परियोजनाओं और विकास के बारे में बात करता है, लेकिन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाथरूम में पानी तक मुहैया नहीं हो पा रहा है, यह बड़े ही अफसोस की बात है। बुनियादी चीज़ों को कौन ठीक कर रहा है? हमारे हवाई अड्डे, संस्थान - सब कुछ बिखर रहे है। कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता।

### पहले चीजों को ठीक करें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो को कैप्शन देते हुए उन्होंने लिखा, हम एक मुल्क के रुप में खराब सेवा, खराब सिस्टम, खराब प्रबंधन, खराब रखरखाव और अंतहीन सिस्टम और संस्थागत क्षति को इतना स्वीकार क्यों कर रहे हैं? उन्होंने आगे कहा, "क्योंकि हम हमेशा गलत को सही ठहराने की कोशिश करते हैं और आम नागरिक की रोजमर्रा की बुनियादी जरुरतों पर ध्यान देने के बजाय बेकार प्रयासों को प्राथमिकता देते हैं। अब समय आ गया है कि हम जिम्मेदारी लें और जश्न मनाने से पहले चीजों को ठीक करें।कराची इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यह स्थिति ऐसे समय में उत्पन्न हुई है, जब सिंधु जल संधि को लेकर भारत के साथ तनाव बढ़ता जा रहा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता का स्थगित कर दिया है। इससे पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर पानी का संकट गहरा गया है। दूसरी, तरफ पाकिस्तानी सेना के प्रमुख आसिम मुनीर ने गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि उनका देश जल के मुद्दे पर कभी समझौता नहीं करेगा क्योंकि यह देश के 24 करोड़ लोगों के मूल अधिकारों से जुड़ा है।

### आतंकियों की मौत पर कोलंबिया ने जताया था शोक, कांग्रेसी सांसद ने खूब सुनाया

# आतंकियों की मौत पर आंसू क्यों बहाए : थरूर

**बोगोटा ● एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों के लिए कोलंबिया सरकार ने शोक संवेदना व्यक्त की थी। शशि थरूर ने आज कोलंबिया में अपनी बात रख रहे थे तो उन्होंने आतंकियों के लिए शोक जताने को लेकर नाराजगी जताई। कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में मीडिया को संबोधित करते हुए थरूर ने कहा, हम कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया से थोड़े निराश हैं। उन्होंने पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों को लेकर शोक जताया था। लेकिन आतंकवाद से पीड़ित लोगों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई।



उन्होंने जोर देकर कहा, जो आतंकियों को भेजते हैं और जो उनका मुकाबला करते हैं, उनके बीच कोई नैतिक समानता नहीं हो सकती। हम केवल आत्मरक्षा का अधिकार निभा रहे हैं। अगर यहां इस मुद्दे पर कोई गलतफहमी है, तो हम उसे दूर करने आए हैं। थरूर ने आगे कहा कि भारत की कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक और वैध थी। उन्होंने कहा, हम अपने कोलंबियाई मित्रों से विस्तार में बात करना चाहते हैं और भारत की स्थिति स्पष्ट करना चाहते हैं। कोलंबिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कोलंबिया में भारत के राजदूत वनलालहुमा ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को व्यक्त करने के लिए एक सार्थक जुड़ाव की शुरुआत हुई। बोगोटा में प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की कांग्रेस के सदस्यों, मंत्रियों और थिंक टैंक तथा मीडिया में अन्य प्रमुख वार्ताकारों के साथ बातचीत करेगा।यह समूह उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है।

# पुतिन तैयार मगर जेलेंस्की की खामोश, शांति वार्ता पर सस्पेंस बरकरार

**कीव ● एजेंसी**

रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म करने की उम्मीद एक बार फिर धुंधली पड़ती नजर आ रही है। तुर्किए के इस्तांबुल शहर में होने वाली दूसरी संभावित शांति वार्ता को लेकर रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्रि पेस्कोव ने कहा, "हम अब इंतजार कर रहे हैं कि यूक्रेन शांति वार्ता में हिस्सा लेगा या नहीं।" यूक्रेन की सरकार ने शांति वार्ता से पहले मास्को से युद्धविराम के मसले पर औपचारिक प्रस्ताव भेजने की मांग की है। वहीं, रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने कल ही दूसरी दौर की बातचीत की संभावना जताई थी। लेकिन कुछ ही घंटों में पेस्कोव के बयान से स्थिति फिर अनिश्चित हो गई।



### यूनिवर्सिटी को विदेशी छात्रों के दाखिले पर लगे प्रतिबंध में 30 दिनों की राहत

# हार्वर्ड मामले में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर फिलहाल रोक

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को विदेशी छात्रों के दाखिले पर लगे प्रतिबंध में 30 दिनों की अंतरिम राहत मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को दाखिला देने की पात्रता खत्म करने के फैसला लिया था, जिस पर फिलहाल फेडरल कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस मसले पर सुनवाई हुई, जिसमें कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी फिलहाल छात्रों का नामांकन जारी रख सकती है। हार्वर्ड ने कहा था कि अगर उसे विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति नहीं दी जाती, तो इससे यूनिवर्सिटी के करीब 25% छात्रों पर असर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी के वकीलों ने अदालत में कहा कि यह फैसला अचानक और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के लिया गया, जबकि नियमों के मुताबिक विभाग को कारण बताना और 30 दिन का समय देना जरूरी होता है।

**राहत**



ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड पर यह आरोप लगाया कि वह कैंपस में यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहा है और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर काम कर रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि यूनिवर्सिटी ने छात्रों की विचारधारा को उकसाने वाला माहौल बनाया है। ट्रम्प ने बुधवार को ओवल ऑफिस में कहा, हार्वर्ड को अनुशासन में रहना होगा। उन्हें विदेशी छात्रों की संख्या 15% तक सीमित रखनी चाहिए। हार्वर्ड के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि यह ट्रम्प प्रशासन का यह फैसला बदले की कार्रवाई से भरा है, जो यूनिवर्सिटी की अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी पर सीधा हमला करता है। वकीलों ने कहा कि यह फैसला संघीय नियमों का उल्लंघन है, क्योंकि विभाग ने बिना कोई ठोस कारण बताए अचानक सर्टिफिकेशन रद्द कर दिया।

**यूनिवर्सिटी को मिलने वाले फंड पर भी खतरा** - यह अकेला मामला नहीं है जिसमें हार्वर्ड ट्रम्प प्रशासन से भिड़ी है। यूनिवर्सिटी पहले से ही एक अन्य मुकदमे में भी उलझी है, जिसमें प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के 3 अरब डॉलर के फेडरल रिसर्च फंड को बंद करने का फैसला लिया है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि यह सभी कार्रवाइयां राजनीतिक बदले से प्रेरित हैं।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)